# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

वर्ष - 04 अंक - 184 बैकुंठपुर, गुरूवार 25 अप्रैल 2024 पृष्ठ -8 मूल्य -1

E paper www.cgfrontline.com


# भारतीय संस्कृति विरोधी कांग्रेस की सोच अर्बन नक्सली वाली

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सैम पित्रोदा द्वारा विरासत कर संबंधी दिए गए बयान पर जमकर हमला बोला





छ.ग.फ्रंटलाइन

**अंबिकापुर।** सरगुजा लोकसभा क्षेत्र के अंबिकापुर के पीजी कॉलेज मैदान में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में आहूत विशाल जनसभा के संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सलाहकार सैम पित्रोदा द्वारा विरासत कर संबंधी दिए गए बयान पर हमला बोला। उन्होंने कांग्रेस और ईडी गठबंधन को आड़े हाथों लेते हुए आगाह किया कि कांग्रेस सत्ता में आई तो वह नया विरासत कानून लाएगी। अगर भारत शक्तिशाली हो गया, तो कुछ ताकतों का खेल बिगड़ जाएगा। अगर भारत आत्मनिर्भर बन गया, तो कुछ ताकतों की दुकान बंद हो जाएगी। इसलिए वे भारत में कांग्रेस और ईडी गठबंधन की कमजोर सरकार चाहते हैं और इसलिए अब वह अमेरिका की तरफ रुख कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस अगर पित्रोदा की राय से इत्तेफाक नहीं रखती है तो उसे अपने घोषणा पत्र से इस मुद्दे को वापस लेना चाहिए। पित्रोदा का बयान साफ तौर पर जाहिर कर रहा है कि कांग्रेस देश की जनता की निजी संपत्ति का सर्वे कर इनके निजी संपत्ति को सरकारी खजाने में डालना चाहती है और देश के संसाधन पर सबसे पहला अधिकार माइनॉरिटी की मंशा को पूरी करते हुए इसका बंटवारा करना चाहती है, जैसा पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने अपने कार्यकाल में कहा था। नरेन्द्र मोदी ने कहा अमेरिकी कानून भारत में लागू करके देशवासियों की संपत्ति हड़पने की इनकी मंशा है। कांग्रेस या तो इसे स्वीकार करे या फिर देश से माफी मांगकर इस मुद्दे को अपने घोषणापत्र से वापस ले। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ की जनता-जनार्दन कांग्रेस की इस बदनीयती को अच्छी तरह भांप रही है और कांग्रेस को बता देगी देश के संसाधनों पर सबसे पहला अधिकार देश के गरीबों, दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्ग का है। उन्होंने कहा सरकार में आने पर कांग्रेस माताओं-बहनों के सोना-चांदी का हिसाब करेगी, जांच करेगी और वह संपत्ति उनको बांट देगी, जिनके ज्यादा बच्चे हैं। अपनी मेहनत की कमाई का पैसा घुसपैठियों को दिया जाना देशवासियों को कतई मंजूर नहीं होगा। यह कांग्रेस की भारतीय संस्कृति विरोधी 'अर्बन नक्सली सोच' है। परिवारवादी लोगों ने देश के लोगों को लूटकर अपना आर्थिक साम्राज्य बना लिया, अब देश की संपत्ति को लूटना कांग्रेस अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझती है।

### आतंकवादियों के मारे जाने पर बहाते हैं आंसू

नरेन्द्र मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जिस तरह से कांग्रेस के घोटालेबाजों पर एक्शन हो रहा है, उसे पूरा देश देख रहा है। जब हम विकसित भारत की बात करते हैं तो कांग्रेस और दुनिया में बैठी कुछ ताकतों का माथा गरम हो जाता है। इसलिए वे भारत में कांग्रेस और ईडी गठबंधन की कमजोर सरकार चाहते हैं। ऐसी कांग्रेस सरकार जो आपस में ही लड़ती है, घोटाले करती रही है। कांग्रेस का इतिहास सत्ता के लालच में देश को तबाह करने का रहा है। देश में आंतकवाद फैला, नक्सलवाद बढ़ा। कांग्रेस के कुशासन और लापरवाही से देश बर्बाद होता गया। भाजपा सरकार आतंकवाद और नक्सलवाद पर कड़ी कार्रवाई कर रही है। कांग्रेस हिंसा फैलाने वालों का समर्थन कर रही है। इतना ही नहीं, जो लोग निर्दोषों को मारते हैं, लोगों का जीना हराम करते हैं, अगर वो मारे जाएं तो ऐसे लोगों को शहीद बताते हैं। अगर ऐसा करते हैं तो वे देश के शहीदों, वीरों का अपमान करते हैं। इसी कांग्रेस की एक बड़ी नेता आतंकवादियों के मारे जाने पर आंसू बहाती हैं। ऐसी ही करतूतों के कारण कांग्रेस देश का भरोसा खो चुकी है।

### अंबिकापुर क्षेत्र की जनता से आशीर्वाद मांगने आया हूं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंबिकापुर आगमन के समय की पुरानी यादों को जनता-जनार्दन के साथ साझा करते हुए कहा कि भाजपा ने जब उन्हें प्रधानमंत्री पद का दावेदार बनाया तो अंबिकापुर में लाल किला बना था। कांग्रेस के ईको सिस्टम हैं, जो आए दिन मोदी पर हमला करने के लिए जगह ढूंढते रहते हैं, उस पूरी टोली ने हमला बोल दिया था कि ये लालकिला कैसे बनाया जा सकता है? अभी तो प्रधानमंत्री का चुनाव बाकी है। लाल किला का दृश्य बनाकर वहां से सभा होने पर तूफान मचा दिया था, लेकिन सरगुजा और छत्तीसगढ़ वासियों की सोच के कारण मोदी लाल किले तक पहुंचा और राष्ट्र को संदेश दिया। आज फिर अंबिकापुर क्षेत्र की जनता से मोदी आशीर्वाद मांगने आया है। उन्होंने कहा कुछ महीने पहले मैंने आपसे छत्तीसगढ़ से कांग्रेस के भ्रष्टाचारी पंजे को हटाने आशीर्वाद मांगा था और आप लोगों ने इसका मान रखा, सरगुजा से भ्रष्टाचारी पंजे को साफ कर दिया। आज आप लोगों के आशीर्वाद से सरगुजा आदिवासी समाज की संतान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में छत्तीसगढ़ के सपनों को साकार कर रही है। विष्णुदेव साय बहुत तेजी के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कम समय में ही राकेट की गति से सरकार चलाई है।

### कांग्रेस ने भारत के सेक्युलरजियम की हत्या की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जब संविधान बन रहा था तब काफी चर्चा विचारण के बाद देश के सभी विद्वानों ने डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर के नेतृत्व में यह तय किया गया कि भारत में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा। कांग्रेस ने कभी इन महापुरुषों, बाबासाहेब आंबेडकर की परवाह नहीं की। कांग्रेस ने कुछ वर्ष पहले आंध्रप्रदेश में धर्म के आधार पर आरक्षण देने का प्रयास किया और उसके बाद देशभर में इसे लागू करने की योजना बनाई। धर्म के आधार पर 15 प्रतिशत आरक्षण देने की बात कही, साथ ही ये भी कहा कि एससी, एसटी और ओबीसी का कोटा काट कर उसी आधार पर आरक्षण दिया जाए। अपने 2009 के घोषणा पत्र में कांग्रेस ने अपना यही इरादा जताया। 2014 के घोषणा पत्र में भी कांग्रेस ने साफ-साफ कहा कि वे धर्म के आधार पर आरक्षण देंगे, अगर दलितों, आदिवासियों का आरक्षण कट करना पड़े तो करेंगे। कई साल पहले कांग्रेस ने कर्नाटक में धर्म के आधार पर आरक्षण लागू किया था। भाजपा की सरकार आई तो हमने संविधान और बाबासाहेब की भावना के विरुद्ध कांग्रेस ने जो निर्णय लिया था, उसे खारिज किया। दलितों, आदिवासियों का आरक्षण वापस किया। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने एक और पाप किया, मुस्लिम समुदाय की जितनी जातियां हैं सबको उन्होंने ओबीसी कोटे में डाल दिया, जो हमारे देश के ओबीसी को लाभ मिलता वो कट गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा देश संस्कार, संस्कृति में विश्वास रखता है, भारत उपभोक्तावादी देश नही हैं। हम संचय, संवर्धन, संरक्षित करने में विश्वास रखते हैं।

# छत्तीसगढ़ को अपराध व भ्रष्टाचार मुक्त कर हम मोदी की गारंटी को पूरा कर रहे: साय

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री की जनसभा के दौरान कहा कि विधानसभा चुनाव में जैसे सरगुजा संभाग में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का खाता नहीं खुला, सुपड़ा साफ हो गया, वैसे ही लोकसभा चुनाव में भी सरगुजा सहित छत्तीसगढ़ में कांग्रेस खाता नहीं खुलना चाहिए। पूरी 11 सीटें जिताकर नरेन्द्र मोदी को सौंपना है। यह कोई साधारण चुनाव नहीं है, यह नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। श्री मोदी देश की 140 करोड़ जनता को अपना परिवार मानते हुए 24 घंटो में 18 घंटे गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं की चिंता करते हुए काम करते हैं। आज विश्व में देश जनता का मान बढ़ा है वो इनकी ही देन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के विजन पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को अपराध और भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया था। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही 100 दिनों में मोदी की गारंटी को पूरा करने लगे हैं। 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी गई है। किसानों को दो वर्षों का बकाया बोनस उनके खाते में हस्तांतरित कर दिया गया। 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी 3,100 रुपये की दर से की गई। महिलाओं को महतारी वंदन योजना की दूसरी किस्त जारी कर दी गई है। तेंदुपत्ता संग्राहकों से 5,500 प्रति मानक बोरा खरीदी की जाएगी। इस दौरान मंच में मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, अमर अग्रवाल, राजा पांडे, राम सेवक पैकरा, विधायक प्रबोध मिंज, राजेश अग्रवाल, रामकुमार टोप्पो, शकुंतला पोर्ते, भुलन सिंह मरावी, उद्धेश्वरी पैकरा, सरगुजा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, राम प्रताप सिंह, कृष्णा राय, प्रबल प्रताप सिंह जुदेव, सूरजपुर जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### कांग्रेस की सिंगल इंजन की सरकार गोबर तक खा गई: नेताम

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि सरगुजा लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी चिंतामणि महाराज सबकी चिंता दूर करने वाले हैं। सरगुजा की जनता ने मोदीजी की गारंटी पर विश्वास जताया और सभी सीटें भारतीय जनता पार्टी को जिताकर दी। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरगुजा संभाग से हैं। देश के इतिहास में पहली बार आदिवासी समाज से मुख्यमंत्री और देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पर आदिवासी महिला बैठी है यह सब भारतीय जनता पार्टी में ही संभव हो सकता है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की भूपेश बघेल की सिंगल इंजन की सरकार थी। गोबर, रेत, कोयला सब खा गई।

# चिलचिलाती धुप में विधायक गोमती साय भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया के साथ निकली सड़क पर, मांगे वोट




छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुर।** बुधवार की दोपहर चिलचिलाती धुप में पत्थलगांव विधायक श्रीमती गोमती साय ने रायगढ़ लोकसभा में भाजपा प्रत्याशी राधेश्याम राठिया के साथ पत्थलगांव शहर में पदयात्रा कर लोगों से वोट मांगे। इस दौरान उनके साथ राधेश्याम राठिया समेत मंडल से भारी संख्या में महिला पुरुष कार्यकर्ता मौजूद रहे। उनका जगह-जगह स्वागत किया। भाजपा प्रत्याशी ने शहर की सडको में पैदल घूम घुमकर स्थानीय व्यापारियों व निवासियों से आशीर्वाद मांगा और लोगों से वोट की अपील की। क्षेत्र की जनता से गोमती साय ने राधेश्याम राठिया को भारी बहुमत से जिताने की अपील भी की गई। उन्होंने राधेश्याम भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि वह एक साधारण किसान पृष्ठभूमि से आते हैं, इसलिए वह संसद में गरीबों और आम लोगों की आवाज उठाएंगे। राधेश्याम की जीत के साथ हमारी आवाज बुलंद होगी और मेरे पूर्व के संसदीय कार्यकाल में जो भी कार्य बाकी रह गये है वे भी पुरे होंगे।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूत बहुमत देने के लिए हर वोट की जरूरत है। बता दे की इससे पूर्व गोमती साय रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद थी जिन्हें विधानसभा चुनाव में भाजपा ने पत्थलगांव विधानसभा से टिकट दिया था जिसे जीतकर वे वर्तमान में पत्थलगांव विधायक निर्वाचित है। इस मौके पर राधेश्याम ने कहा कि जिस तरह आप लोगो ने पूर्व में सांसद चुनाव और उसके बाद विधानसभा चुनाव में गोमती बहन को कमल का बटन दबाकर जिताए इस बार भी उसी तरह भाजपा को जिताए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित में मोदी सरकार जरूरी है। उन्होंने विकास के नाम पर वोट मांगे। इस दौरान राधेश्याम राठिया ने बताया की सब जगह से अच्छा रिस्पांस मिल रहा है श्री राठिया ने लोकसभा में जीत का आंकडा के सम्बन्ध में जानकारी देते हुवे बताया की प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव से रायगढ़ लोकसभा से तीन लाख से ज्यादा वोटो से जितने को आश्वस्त किया है और प्रदेश के सभी 11 सिट भाजपा जीत रही है इस दौरान पत्थलगांव को जिला बनाये जाने की मांग और क्षेत्र में रेल व सुगम सड़क सुविधा देने को लेकर भाजप नेताओ द्वारा किये गये वादों के सम्बन्ध में राठिया ने बताया की जो भी पूर्व नेताओ ने क्षेत्र के लोगो को आश्वस्त किया है उस पर वे भी कायम है हम सभी मिलजुलकर क्षेत्र के लिए बेहतर करने का प्रयास करेंगे, वही बीते दिनों अस्पताल में एक डायलिसिस मरीज की विद्युत व स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से मौत के मामले में विपक्ष उम्मीदवार मेनका सिंह द्वारा प्रदेश की भाजपा सरकार को घेरा था इस मामले में भाजपा उम्मीदवार राधेश्याम राठिया ने कहा की पत्थलगांव की तेज तर्रार विधायक गोमती से इस मामले को लेकर बेहद ही गम्भीर है उन्होंने अपने कार्यशैली अनुरूप इस पर अपने स्तर की कारवाई भी शुरू कर दिया है।

# शक्ति-केन्द्र शब्दमुंडा की बैठक में सम्मिलित हुई पत्थलगांव विधायक गोमती साय

**कुनकुरी।** सोमवार को जिला भाजपा के निर्देशानुसार दोकडा मण्डल के शक्तिकेन्द्र शब्दमुंडा में शक्तिकेन्द्र की बैठक सम्पन्न हुई, इस अवसर पर पत्थलगांव की विधायक श्रीमती गोमती साय, मण्डल प्रभारी विजय शर्मा, मण्डल अध्यक्ष दिनेश प्रसाद, महामंत्री रवि यादव, विपीन यादव, चिंतामणी सिंह, गजेन्द्र बागे, सत्यनारायण सिंह, गुलाब सिंह, बम्फोड सिह, गजाधर सिंह, जगदीश राम, सने राम, लखन दिलीप, देवदत्त, रामप्रसाद, दशरथ, पारथो सिंह, तरन एवं समस्त कार्यक्रर्ताओं की बैठक में गरिमामय उपस्थित रही। लोकसभा चुनाव के परिपेक्ष्य में विस्तृत चर्चा की गई और कार्य योजना बनाकर कार्य किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में विधायक श्रीमति गोमती साय ने कहा कि परिवार में जो बेटा ज्यादा जिम्मेदारी के साथ दायित्व को सम्हालने वाला होता है, अधिक काम करता है, उसे सभी पसंद करते हैं और उससे थोड़ा आशा और अपेक्षा ज्यादा भी करते हैं। आप सब वही लोग हैं, हमें गर्व है आप सब पर, हमारे मुख्यमंत्री जी का भी हम सबको मान बढ़ाना है। संबोधन की कड़ी में बैठक को दोकड़ा मंडल के प्रभारी विजय शर्मा ने संबोधन करते हुए बताया कि हम सब पार्टी के विश्वसनीय कार्यकर्ता लोग है, जिला नेतृत्व को हम पर बहुत विश्वास है, जिसमें हम सबको खरा उतरना है, हम सब लगन के साथ मेहनत करते हुए राधेश्याम राठिया जी को प्रचंड मतों से जीत दिला कर हमारे मुखिया प्रदेश के मुख्य मंत्री श्री विष्णुदेव साय जी का हाथ मजबूत करना है। हमारे लोकप्रिय विधायक श्रीमति गोमती साय का हाथ मजबूत करना है। इस बैठक में मंच का सफल संचालन मंडल अध्यक्ष दिनेश प्रसाद ने किया तथा आभार प्रदर्शन शक्ति केंद्र के प्रभारी गजेंद्र बागे ने किया।

## महिला की शिकायत पर टोनही प्रताड़ना के दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** सरगुजा जिला के धौरपुर थाना पुलिस ने टोनही प्रताड़ना अधिनियम के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने महिला को टोनही करार देते हुए गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने बताया धौरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम आसनडीह, गोटिडुमरपारा की नईहारो बाई ने 23 अप्रैल को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसके घर के पास फकीर और शिवलाल रहते हैं। दोनों के घर में जब भी कोई बीमार पड़ता है, तो आरोपी महिला को जादू-टोना करने की बात करते हुए लड़ाई झगड़ा विवाद करते आ रहे थे।

# बिलासपुर संभाग कलस्टर प्रभारी पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने की चुनाव तैयारी की समीक्षा

## बगीचा के बैठक में प्रचार अभियान की ली जानकारी,दिये आवश्यक निर्देश





छ.ग.फ्रंटलाइन

**कुनकुरी।** बुधवार को पूर्व मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के बिलासपुर संभाग कलस्टर के प्रभारी अमर अग्रवाल जशपुर पहुंचे। यहां,उन्होनें बगीचा के यादव भवन में लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर पार्टी के तीनो विधानसभाओं की कोर कमेटियों के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक ली। अमर अग्रवाल,अंबिकापुर में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी सभा में शामिल हो कर,वापस बिलासपुर लौटने के क्रम में जशपुर पहुंचे थे। इस बैठक में बिलासपुर संभाग कलस्टर के सह प्रभारी कृष्ण कुमार राय,लोकसभा प्रभारी प्रबोध मिंज,पत्थलगांव की विधायक गोमती साय, लोकसभा सह संयोजक विजय अग्रवाल, जशपुर की विधायक रायमुनि भगत,पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रियवंदा सिंह जूदेव भी शामिल थे। समीक्षा बैठक में कलस्टर प्रभारी ने जिले की तीनों विधानसभा सीट जशपुर,कुनकुरी और पत्थलगांव में लोकसभा चुनाव को लेकर चल रही गतिविधियों की पदाधिकारियों से जानकारी ली। इस दौरान होने मतदाताओं तक पहुंचने के लिए पार्टी द्वारा निर्धारित कार्ययोजना चाय पर चर्चा,महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों का अभिनंदन,मतदाता पर्ची वितरण के आयोजन की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होनें जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को जिन मंडलों में इस कार्य योजना का क्रियान्वयन नहीं हो पाया है,वहां,नए सिरे से तिथि निर्धारित कर,कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया। बैठक को लोकसभा के सह संयोजक विजय अग्रवाल,लोक सभा प्रभारी प्रबोध मिंज ने भी संबोधित किया। कलस्टर सह प्रभारी कृष्ण कुमार राय ने अमर अग्रवाल को बताया कि जशपुर के तीनो विधानसभाओं में कार्यकर्ता,पूरे समर्पण से प्रचार में जुटे हुए है। झंडा बैनर लगाने के साथ नुक्कड़ सभा,चाय पर चर्चा का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तर से इसकी मानिटरिंग के साथ आवश्यक सहायता भी उपलब्ध कराया जा रहा है। लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर अमर अग्रवाल ने विधायक गोमती साय,रायमुनि भगत और प्रियवंदा सिंह से भी चर्चा की। इन्होनें,कलस्टर प्रभारी को आश्वस्त किया कि जशपुर जिले की तीनो विधानसभा सीटो से पार्टी को ऐतेहासिक बढत दिला कर,प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हाथ मजबूत करेगें। बैठक का संचालन जिला महामंत्री मुकेश शर्मा ने किया। उक्त जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी फैज़ान सरवर खान ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से क्लस्टर के प्रभारी अमर अग्रवाल, सह प्रभारी कृष्ण कुमार राय, पूर्व प्रदेश संगठन महामंत्री रामप्रताप सिंह, लोकसभा प्रभारी प्रबोध मिंज, लोकसभा संयोजक श्रीमती गोमती साय, सह संयोजक विजय अग्रवाल, जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत, पूर्व विधायक रोहित साय, भरत साय, शिवशंकर साय, जिला प्रभारी रामकिशुन सिंह, सह प्रभारी भरत सिंह सिसोदिया, जिला महामंत्री द्वय भरत सिंह, मुकेश शर्मा, विधानसभा प्रभारी रमन अग्रवाल, हरपाल सिंह भाभरा, राजकुमार अग्रवाल, जशपुर विधानसभा संयोजक ओमप्रकाश सिन्हा, पूर्व नपा उपाध्यक्ष श्रीमती प्रियम्वदा सिंह जूदेव, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शांति भगत, शंकर गुप्ता, उपेंद्र यादव, सुरेश राम भगत, राजकपूर भगत, शरद चौरसिया, सुभाष अग्रवाल,ममता कश्यप, उमा देवी, रीना बरला, गेंदबिहारी सिंह, वरुण जैन, केशव यादव, असलम आज़ाद, मुनेश्वर सिंह केसर, संतोष सिंह, संजीव ओझा, अमन शर्मा, सलोने मिश्रा, हरीश आरिक, पवन सिंह, राजकिशोर जायसवाल, हरिशंकर यादव व अन्य उपस्थित थे।

# अनियंत्रित स्कार्पियो होटल में घुसी, दो बाइक व कई साइकिलें क्षतिग्रस्त

**अंबिकापुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा में शामिल होने के लिए सीतापुर से आया एक स्कार्पियो सवार बिरयानी दुकान की दीवार को तोड़ते दो दोपहिया वाहनों को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया, वहीं दीवार के मलबे की चपेट में ी बच्चों की एक दर्जन साइकिल आ गई। घटना आकाशवाणी चौक के पास स्थित पूर्व रोजगार कार्यालय में संचालित अशोका बिरयानी होटल की है। घटना के समय होटल में किसी की उपस्थिति नहीं थी, जिस कारण बड़ा हादसा टल गया। स्कार्पियो सवार की हरकत से लोगों के बीच नाराजगी की स्थिति बन गई और उन्होंने चालक की अच्छी खातिरदारी कर दी। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची और स्कार्पियो क्रमांक सीजी 15 डीवी 3665 को कब्जे में लेने के बाद चालक को अपने साथ थाना ले गई। बता दें बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कार्यक्रम पीजी कॉलेज मैदान में होने के कारण पुलिस ने जगह-जगह बैरीकेडिंग करके आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित की थी। स्कार्पियो सवार भी संभवतः इसी सभा में शामिल होने के लिए आया था, क्योंकि वाहन में कार्यक्रम से संबंधित स्टीकर चस्पा किए गए थे। पीजी कॉलेज मैदान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा व आकाशवाणी से लगे स्टेडियम में बनाए गए हेलीपैड के कारण यह मार्ग व्हीव्हीआईपी के लिए बैरीकेड लगाकर बंद कर दिया गया था। चौक के पास सब्जी सहित अन्य दुकानों के बंद रहने के कारण भीड़भाड़ जैसी स्थिति नहीं थी, जिसे बड़ी घटना टल गई।

# कलेक्टर ने ली सेक्टर अधिकारियों की बैठक

★ मतदान केन्द्रों में व्यवस्थाओं की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश ★ सभी सेक्टर अधिकारी सावधानी एवं गंभीरता के साथ अपनी जिम्मेदारी का करें निर्वहन : कलेक्टर



**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सेक्टर अधिकारियों की बैठक लेकर मतदान केन्द्रों में व्यवस्थाओं की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को कमियों को समय पूर्व दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने सेक्टरवार मतदान केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की। कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों तक पहुंच मार्गों, शौचालय की व्यवस्था, रैम्प, पेयजल उपलब्धता की विस्तृत समीक्षा की।

सेक्टर अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का ने कहा कि निर्वाचन संचालन में सेक्टर अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है इसलिए सभी सेक्टर अधिकारी सावधानी और गंभीरता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। कलेक्टर श्री एक्का ने बैठक में सेक्टर अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे ईव्हीएम की कार्यप्रणाली को अच्छी तरह से समझें। उन्होंने कहा कि जिले में इस बार लोकसभा निर्वाचन में 56 संगवारी, 12 युवा तथा 02 दिव्यांग मतदान केंद्र बनाया गया है। उन्होंने सेक्टर अधिकारियों को बताया कि संगवारी मतदान केन्द्रों में सिर्फ महिला मतदान दलों द्वारा मतदान कराया जाएगा, इसलिए महिला मतदान दलों को ध्यान में रखते हुए इन केन्द्रों में बेहतर सुविधाएं होनी चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिले के 50 प्रतिशत मतदान केन्द्रों में वेब कास्टिंग होना है। इन मतदान केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की पूर्णता सुनिश्चित कर लें। उन्होंने सभी सेक्टर अधिकारियों को बीएलओ के सतत् संपर्क में रहते हुए मतदाता पर्ची के शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सामग्री वितरण और मतदान दिवस के संदर्भ में महत्वपूर्ण बातों को इंगित करते हुए कहा कि लोकसभा निर्वाचन के लिए सामग्री 6 मई को प्रात: 6 बजे से स्ट्रांग रूम भेलवाडीह लाइवलीहुड कॉलेज से वितरण किया जायेगा। सभी निर्धारित समय में पहुंचना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि मतदान दिवस को मतदान का समय सुबह 7 से शाम 6 बजे का है। सभी मतदान दिवस को निर्धारित समय में अपने संबंधित क्षेत्र में मॉक पोल कर वास्तविक मतदान शुरू करते हुए त्रुटिरहित ढंग से निर्वाचन संपन्न कराएं। उन्होंने गर्मी के दृष्टिगत आवश्यक सावधानियां रखने की बात भी कही।

इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अमित श्रीवास्तव ने बैठक में सेक्टर अधिकारियों को मतदान दिवस के विभिन्न दायित्वों के बारे में अवगत कराते हुए पूरी तरह से सजग रहने को कहा। साथ ही उन्होंने ईव्हीएम प्रबंधन के प्रोटोकॉल, माकपोल, वास्तविक मतदान, विभिन्न प्रपत्रों को भरने की जानकारी, मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले की अवधि में निर्वाचन संबंधित प्रतिबंधात्मक प्रावधानों के बारे में बताते हुए पारदर्शी एवं निष्पक्षता से निर्वाचन कराने की बात कही। बैठक में सहायक रिटर्निंग अधिकारी, सेक्टर अधिकारी एवं जिला निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग एवं दिव्यांग मतदाता करेंगे होम वोटिंग

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के आदेश के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का के द्वारा 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग तथा दिव्यांग मतदाताओं को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराये जाने के लिए होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की गई है। जिसके तहत् 29 एवं 30 अप्रैल 2024 को 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग तथा दिव्यांग मतदाता अपने घर में ही डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकेंगे। जिले में 85 वर्ष से अधिक आयु के विधानसभा वार 66 मतदाता एवं 46 दिव्यांग मतदाता हैं, जिन्हें होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की गई है। जो मतदान के निर्धारित तिथि को प्रात: 09 बजे से शाम 05 बजे तक मतदान कर सकते हैं। निर्वाचन कार्यालय द्वारा होम वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए रूट चार्ट का भी निर्धारण किया गया है जिसके तहत् रूट चार्ट के अनुसार ही मतदान किया जाएगा। मतदान कराने के लिए 18 मतदान दलों का भी गठन किया गया है तथा मतदान दलों को होम वोटिंग कराने के लिए प्रशिक्षण भी दिया गया है।

## निधन : शिवलाल जायसवाल

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन



**बिश्रामपुर।** जिला पंचायत सदस्य गीता जायसवाल के ससुर व पूर्व जिला पंचायत सदस्य सत्यनारायण जायसवाल के पिता सेवानिवृत्त शिक्षक शिवलाल जायसवाल का आज निधन हो गया। वे 86 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार राई स्थित मुक्तिधाम में किया गया, जिन्हे मुखाग्नि छोटे पुत्र अजय जायसवाल ने दी। वे अपने पीछे नौ पुत्र सहित भरापुरा परिवार शोकाकुल छोड़ गए हैं। बताया जा रहा है कि सेवानिवृत्त शिक्षक शिवलाल जायसवाल पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ्य चल रहे थे, जिन्हें बेहतर उपचार हेतु रायपुर ले जा रहे थे, तभी रास्ते में उन्होंने अंतिम सांस ली।

## विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों के बीच किया जा रहा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिससे कोई भी पात्र मतदाता इस लोकतंत्र में महापर्व से वंचित न हो। इसी कड़ी में पण्डो क्षेत्र समुदाय में मतदाताओं को मतदान के लिए स्वीप के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। जिले के अंतर्गत ग्राम वीरेन्द्रनगर, बिजाकुरा, बेलसर, रघुनाथनगर में पंडो जनजाति की महिलाओं के द्वारा अपने समुदाय के बीच मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। महिलाओं के द्वारा मेरा वोट मेरा अधिकार पोस्टर के साथ रैली निकाली गई। साथ ही मेंहदी एवं रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया गया। इसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया तथा मतदाताओं को शपथ दिलाते हुए मतदान करने के फायदों के बारे में बताया गया कि मतदान करने से आप अपने लिए सही और योग्य नेता चुनने का अधिकार प्राप्त करते हैं। आपके मत से पसंदीदा प्रत्याशी को चुन कर सही दिशा में विकास को प्रोत्साहित कर सकते हैं। मतदान करने से सामाजिक जागरूकता बढ़ती है। वहीं आप मतदान करने से सामाज सशक्तिकरण होता है, जिसमें विभिन्न वर्गों के लोगों का समान रूप से मतदान में भागीदारी लेने का समान अवसर मिलता है। मतदान करके अपने मताधिकार की शक्ति का उपयोग करते कर सामाजिक परिवर्तन में योगदान कर सकते हैं। जिससे सामाजिक एकता बढ़ती है और आप अपने अपने एक वोट के महत्त्व को समझते हुए देश के निर्माण में सहयोग कर एक अच्छे नागरिक होने का परिचय दे सकते हैं।

## शार्ट सर्किट से लगे आग में दो वाहन व फ्रीज जलकर खाक

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन



**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत कुरुवा में शार्ट सर्किट की वजह से लगी आग से घर में रखे स्कूटी, बाइक व फ्रीज जल गए हैं। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत कुरुवा निवासी 35 वर्षीय प्रार्थी सुषमा पाटले पिता रामा पाटले के घर में गत दिनों शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गई थी। आग लगने की वजह से बाइक क्रमांक सीजी 15 डीक्यू 6695, स्कूटी क्रमांक सीजी 15 ईए 4490 व फ्रीज जल गए हैं। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा आगजनी की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

## फायर एंड इमरजेंसी सर्विस वाहन को बायो टॉयलेट लेकर आ रहे ट्रैक्टर चालक ने मारी टक्कर




प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** संभाग मुख्यालय अंबिकापुर में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम उपरांत वापस लौट रहे फायर एंड इमरजेंसी सर्विस वाहन को बायो टॉयलेट ट्रैक्टर के चालक ने पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दिया, हालांकि दुर्घटना में किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है।

गौरतलब है कि बुधवार 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक दिवसीय प्रवास पर संभाग मुख्यालय अंबिकापुर आए थे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में सूरजपुर जिले से फायर एंड इमरजेंसी सर्विस वाहन क्रमांक सीजी 02 एयू 1217 वापस लौटते समय नगर में एनएच 43 पर मुख्य मार्ग किनारे खड़ी थी। तभी बायो टॉयलेट लेकर आ रहे ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए फायर एंड इमरजेंसी सर्विस वाहन को पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दिया। दुर्घटना में फायर एंड इमरजेंसी सर्विस वाहन को पिछले हिस्से में नुकसान हुई है, हालांकि किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है। दुर्घटना की वजह से यहां पर कुछ समय के लिए आवागमन बाधित होने से जाम की स्थिति निर्मित हो गई थी।

## संयुक्त समिति के सिफारिश के बाद ठेका मजदूरों की मजदूरी दर में हुई बढ़ोतरी

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** मुख्य श्रम आयुक्त श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार ने औद्योगिक श्रमिकों के लिए औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक संख्या के आधार पर परिवर्तनीय महंगाई भत्ते बढ़ने की सूचना दी है।जिसके बाद संयुक्त समिति की अनुशंसा पर 1 अप्रैल से 30 सितंबर तक ठेका मजदूरों के मजदूरी दर में वृद्धि हुई है।

वृद्धि के अनुसार अब दैनिक वेतन बढ़कर अकुशल श्रमिक को 1242 रुपए, अर्धकुशल श्रमिक को 1274 रुपए, पर्यवेक्षी कुशल श्रमिक 1305 रुपए, अत्यधिक कुशल श्रमिक 1337 रुपए देय होगा। पूर्व के अनुसार चारो वर्गों के कर्मियों में महंगाई भत्ते की बढ़ोतरी 66 से 71 रुपए हुई है।

# जिले में लगातार मलेरिया के रोगियों में आ रही कमी

**मलेरिया मुक्त जिला घोषित होने की दिशा में बढ़ रहा है बलरामपुर-रामानुजगंज जिला**

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस है, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज के लिये अच्छी बात यह है कि लगातार मलेरिया के मरीज कम हो रहे है। मलेरिया टेस्ट के बढ़ाये जाने के बाद भी मलेरिया के मरीजों की संख्या कम ही निकल रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बसंत कुमार सिंह ने बताया की विगत 05 वर्षों में जिले में निरंतर मलेरिया के मरीजों में कमी आई है, जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में मलेरिया का इलाज बिलकुल मुफ्त है साथ ही मच्छरों से बचने हेतु लोगों को दवा उपचारित मच्छरदानी का वितरण किया गया है। समय-समय पर डी.डी.टी. दवा का छिडकाव भी किया जाता है। मलेरिया के प्रति जन जागरूकता हेतु समाचार पत्र, दीवार लेखन व गृह भ्रमण में लोगों को मलेरिया, डेंगू, फाइलेरिया हेतु सचेत भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया की कलेक्टर श्री रिमिजियुस एक्का की निर्देशन में जिले में मच्छर जनित रोगों की समीक्षा बैठक भी ली जाती है। इस हेतु जिला टास्क फोर्स का भी गठन किया है। जिले में जहां वर्ष 2017 में कुल 11008 मलेरिया के रोगी थे व जिले का एपीआई 13.5 था वहीं वर्ष 2023 में कुल 31 मलेरिया रोगी थे व एपीआई 0.03 था, जिले में लगातार मलेरिया के रोगियों में कमी आई है।

डॉ. सुबोध सिंह जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि जिले में विगत वर्षों में मलेरिया रोग की कमी का मुख्य कारण जन जागरूकता व मच्छरदानी का उपयोग से रोग में कमी आई है एवं मितानिन द्वारा समुदाय में मलेरिया बीमारी के प्रति सचेतन ने भी जागरूकता बढ़ाता है। उन्होंने बताया कि मलेरिया मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से होता है जिसके लिए साफ-सफाई को लेकर गंभीर होने की आवश्यकता है, क्योंकि बरसात को 02 माह ही बचे है, जो कि मच्छरों के लिए प्रतिकूल परिस्थिति निर्माण करता है जहां भी पानी रुकता या ठहरता है वहां मच्छर पनपते है, ऐसे जगह को या तो पाट देना चाहिए या रुके हुए पानी को बहा देना चाहिए। जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री स्मृति एक्का ने बताया कि जिले में मलेरिया मरीजों की संख्या राष्ट्रीय स्तर के औसत पैमाने से भी कम है और निरंतर राज्य स्तर एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन की नजर भी जिले पर बनी रहती है। वर्ष 2024 विगत 03 माह में अभी तक एक भी मलेरिया के मरीज नहीं मिले है, जो की मलेरिया मुक्त जिला घोषित करने के दिशा में पहला कदम दिखाई दे रहा है। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीण स्तर तक मितानिन के माध्यम से मरीजों की जांच करना तथा मरीजों से सम्बन्धित जानकारी स्वास्थ्य विभाग तक पहुंचाने का कार्य करवाया जा रहा है।

**पानी जमाव मलेरिया बढ़ाव**

पानी का एक जगह पर जमा होने से गन्दगी बढती है जिससे मच्छर पैदा होते हैं, मच्छरों के श्रोत को नियंत्रित करने सभी विकासखण्ड में श्रोत नियंत्रण गतिविधि भी किया जाता है एवं जिले में मितानिन व अन्य माध्यम से नारा लेखन का कार्य भी किया जा रहा है। लोगों को जागरूक करने गावों में ''पानी जहाँ ठहरेगा, मच्छर वहाँ पनपेगा'' का स्लोगन भी लिखवाया जा रहा है व कैसे समस्या से निदान हो इसके लिए जागरूकता कार्य भी किया जा रहा है।

# सेना भर्ती के लिए ऑनलाईन परीक्षा की तिथि निर्धारित

**रायगढ़, छ.ग. फ्रंटलाइन।** सेना भर्ती के लिए ज्वाइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कराने वाले उम्मीदवारों के लिए ऑनलाईन कॉमन एंट्रेस एग्जाम की तारीख सेना द्वारा घोषित कर दी गई है। जिला रोजगार अधिकारी रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न श्रेणियों के लिए ऑनलाईन परीक्षा (सीईई) 25, 29 एवं 30 अप्रैल तथा 2 एवं 3 मई 2024 को निर्धारित 5 परीक्षा केन्द्र बिलासपुर, रायपुर, भिलाई (दुर्ग), दुर्ग और जगदलपुर में आयोजित की जाएगी। प्रत्येक दिन ऑनलाईन परीक्षा 3 शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। इस बार से अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट/ एसकेटी में आवेदन करे वाले उम्मीदवारों का टाइपिंग टेस्ट ऑनलाईन परीक्षा सेंटर पर लिया जाएगा। प्रवेश पत्र भारतीय सेना की वेबसाईट www.joinindian-army.nic.in में डाउनलोड कर सकते है। उम्मीदवारों को सलाह दी गई है कि वे एडमिट कार्ड पर दिए गए सभी निर्देशों का पालन करें और समय पर अपने परीक्षा केंद्र पर पहुचें। छत्तीसगढ़ में ऑनलाईन परीक्षा सीईई केन्द्रों के तहत बिलासपुर के आई ओ एन डिजिटल जोन आई डी जेड, लख्मीचंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बोडरी, नियर हाई कोर्ट, बिलासपुर पिन- 495220 तथा चौकसी इंजीनियरिंग कॉलेज, मस्तुरी रोड लाल खदान, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, पिन- 495004 में निर्धारित की गई है। इसी तरह रायपुर में आई ओ एन डिजिटल जोन आई डी जेड, पार्थिवी प्रो प्रोवाइन कमर्शियल काम्प्लेक्स, संत रविदास वार्ड नम्बर 70, सरोना, रायपुर, पिन- 492009 तथा कलिंगा यूनिवर्सिटी, कोतनी नियर कैपिटल काम्प्लेक्स, नया रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन- 492001, भिलाई (दुर्ग)-में आई ओ एन डिजिटल जोन आई डी जेड, ग्राउंड 2 एंड 3 फ्लोर, पार्थिवी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट सिरसाकला, भिलाई नगर, छत्तीसगढ़, पिन- 492101, रूंगटा इन्फोटेक सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड, कोहका कुरूद रोड, भिलाई, भिलाई नगर, छत्तीसगढ़, पिन- 490024, साईं कॉलेज, स्ट्रीट-69, सेक्टर-6, भिलाई नगर, छत्तीसगढ़, पिन- 490006, मनसा कॉलेज, कोहका कुरूद रोड, भिलाई, भिलाई नगर, छत्तीसगढ़, पिन- 490024, दुर्ग में छत्रपति शिवाजी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, शिवाजी नगर, बालोद रोड, दुर्ग, छत्तीसगढ़, पिन- 491001 एवं भारती कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, पुलगांव चौक, दुर्ग, छत्तीसगढ़, पिन-491001 तथा जगदलपुर में झाडा सिरहा शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय, जगदलपुर में परीक्षा आयोजित की जाएगी।

## भाजपा की गारंटी चाइनीज माल की तरह झूठी : भूपेश बघेल

**राजनांदगांव, छ.ग. फ्रंटलाइन।** कांग्रेस के राजनांदगांव लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल ने गुरुवार को अपने जनसंपर्क के दौरान मोदी की गारंटी पर प्रहार करते हुए भाजपा को खूब घेरा। भूपेश ने छुईखदान में अपने जनसम्पर्क कार्यक्रम में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी का दावा करने वाली भाजपा की हर एक बात झूठी निकली। वर्तमान उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने किसानों के 2लाख रुपए तक के कर्ज माफ होने की बात आपसे आकर कही थी जिसका कोई अता पता नहीं है जबकि हमने शपथ ग्रहण के 2 घंटों में ही किसानों की कर्जमाफ़ी की घोषणा कर दी थी, भाजपा ने किसानों को धान के एकमुश्त 3100 रुपए पंचायत में देने की बात कही थी लेकिन ये बात भी झूठी निकली, मजदूरों को हर साल 10,000 रूपये देने का वादा तो पूरा नहीं किया उल्टे कांग्रेस सरकार में मिलने वाले 7000 रुपए भी देने बंद कर दिए, महिलाओं से 500 रुपए में सिलेंडर देने का वादा भी कोरा झूठ निकला, भाजपा केवल और केवल झूठ बोल कर, जनता को मूर्ख बना कर सत्ता पाना चाहती है। ग्रामवासियों को कांग्रेस की न्याय गारंटी की जानकारी देते हुए भूपेश ने बताया कि कांग्रेस की सरकार महिला, युवा, किसान सभी के लिए न्याय सुनिश्चित करने को प्रतिबद्ध है। एक ओर जहां कांग्रेस पार्टी महिलाओं को एक लाख रुपए सालाना देने की बात कह रही है तो वहीं दूसरी ओर युवाओं को 30 लाख सरकारी नौकरी के साथ साथ अपरेंटीस का अधिकार भी दे रही है जिसमें युवाओं को सरकार वर्तमान जरूरतों के हिसाब से विभिन्न ट्रेंड में ट्रेन करेगी और इस दौरान उन्हें सालाना 1 लाख रुपए का भत्ता भी देगी, इसके अलावा किसानों को फसलों के डेढ़ गुना दाम देने के लिए स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट लागू करने का वादा भी कांग्रेस पार्टी करती है। जनसंपर्क के दौरान भूपेश बघेल ने बीरुटोला, देवरच्चा, कुम्हरवाड़ा, कबरकट्टा, चोभर, रामपुर, आमगांव, खादी, भाजी डोंगरी, देवपुरा, मोहगांव, पहाड़ी मानपुर, पैलीमेटा, ठाकुरटोला, जीराटोला, सण्डी, पण्डरिया, रोड अतरिया, साखा गांव का दौरा किया।

इस दौरान भूपेश बघेल के साथ खैरागढ़ ज़िला अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा, पूर्व विधायक गिरवर जंघेल ,पदमा सिंह, गुलशन तिवारी, बृजेश यादव, रामकुमार पटेल, वरिष्ठ कांग्रेसी संजू सिंह,ममता राजेश पाल, दशमथ जंघेल, हेमंत वैष्णव, प्रमोद सिंह ठाकुर, अशोक जंघेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# देश में शरिया कानून लागू करना चाहती है कांग्रेस: सीएम योगी

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बागपत लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को किया संबोधित
- बोले सीएम, शरिया कानून के जरिये देश में तालिबानी शासन लाना चाहती है कांग्रेस
- बोले, पहले कांग्रेस ने 6 दशक तक देश लूटा, अब हर संपत्ति पर डकैती डालने की कर रहे साजिश

एजेंसी

**बागपत :** कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में समुदाय विशेष के लिए व्यक्तिगत कानून लाने की बात लिखी है। इसके जरिये कांग्रेस देश में शरिया कानून लागू करके तालिबानी शासन लाना चाहती है। यह बात साफ करती है कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोग बाबा साहब द्वारा बनाए गए संविधान के लिए खतरा हैं। ये कहते हैं कि हम एक झटके में गरीबी मिटा देंगे जबकि वह आपकी संपत्ति और बेटियों-माताओं के गहने जब्त करने की साजिश रच रहे हैं। पहले इन्होंने 6 दशक तक देश लूटा और अब हर संपत्ति पर डकैती डालकर अपने कब्जे में ले करके बंदरबांट की योजना बना रहे हैं। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बागपत लोकसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी डॉ. राजकुमार सांगवान के पक्ष में वोट की अपील की।

## जो नारा दादी ने दिया वहीं आज तोते की तरह पोता भी रट रहा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस को 65 वर्षों तक शासन करने का मौका मिला, लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि गरीबी का जो नारा दादी ने दिया, वहीं आज तोते की तरह पोता भी रट लगाए बैठा है। इनके पास कोई विजन नहीं है। इन्हें जब देश की जनता जर्नादन ने सत्ता से बेदखल कर दिया तो फिर से इन्हें गरीबी हटाने की बात याद



आती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सही मायने में गरीबी हटाने का काम किया है। उन्होंने गरीब कल्याणकारी योजनाओं के जरिये 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से उभारा है। वहीं कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का संपत्ति हड़पने का पुराना इतिहास रहा है। यह अपने लिये जीते हैं। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस और सपा के लोग परिवारवादी हैं। सपा ने सभी टिकट अपने ही परिवार के लोगों को दे दिया। वहीं जब राष्ट्रीय लोक दल को जब टिकट देने बारी आई तो जयंत चौधरी ने डॉ. राजकुमार सांगवान को प्रत्याशी बनाया। पहले देश में आतंकी विस्फोट होते थे। निर्दोष लोग मारे जाते थे और सुरक्षा बलों के जवान शहीद होते थे। वहीं आज भारत में कहीं पटाखा भी फट जाए तो पाकिस्तान सफाई देता है कि उसने कुछ नहीं किया। पाकिस्तान को मालूम है कि अगर उसने कुछ किया तो फिर उसको लेने के देने पड़ जाएंगे और जान बचाना मुश्किल हो जाएगा।

## आपके गलत जगह वोट से देश में फिर से आतंकवाद और माफिया राज लौट सकता है

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश आपका, जीवन आपका और सुरक्षा आपकी है तो वोट भी आपका है। ऐसे में वोट गलत जगह जाएगा तो आतंकवाद और माफिया राज फिर से लौटकर आएगा। किसानों और गरीबों के हक पर दोबारा डकैती पड़ने लगेगी। इतना ही नहीं बेटी और व्यापारी फिर से असुरक्षित होंगे। वहीं अपना वोट बीजेपी और सहयोगी दलों को देंगे तो आतंकवाद को सीमा पार निपटा दिया जाएगा जबकि देश में माफिया और अपराधियों को उसकी मांद में घुस करके राम नाम सत्य की यात्रा पर भेज दिया जाएगा। देश में गरीब, किसान और नौजवान के हक पर कोई डकैती नहीं डाल पाएगा। बेटी और व्यापारी की सुरक्षा में कोई सेंध नहीं लगा पाएगा, यही गारंटी एनडीए आपको देने के लिए आया है। हमें अपने एक-एक वोट की कीमत समझनी है क्योंकि घर, गृहस्थी, खेती-बाड़ी देश से बढ़कर नहीं है। हमारे लिए सबसे पहले हमारा देश और उसकी सुरक्षा है क्योंकि जब हम सुरक्षित रहेंगे तभी देश समृद्ध होगा। वहीं देश समृद्ध होगा तो हम समृद्ध होंगे। हमें इसी भाव के साथ काम करना है। इसके लिए हमें देश के लिए वोट करना है। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल अध्यक्ष चौधरी जयंत, प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल कुमार, केपी मलिक, राष्ट्रीय लोकदल की महिला विंग प्रभारी चारु चौधरी, भारतीय जनता पार्टी के जिला के अध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय, लोकसभा के प्रभारी डॉ. अशोक नागर, बीजेपी के प्रदेश मंत्री और बागपत प्रभारी चंद्र मोहन आदि उपस्थित थे।

# भाजपा ने दिल्ली में 9745 स्थानों पर किया हनुमान चालीसा का पाठ

- चार लाख के लगभग कार्यकर्ता समर्थक जुड़े

एजेंसी

दिल्ली। दिल्ली प्रदेश प्रभारी ओमप्रकाश धनखड़ हनुमान जयंती के पावन पर्व पर आयोजित अनेक समारोहों में पहुंचे और कार्यकर्ताओ के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया। दिल्ली प्रभारी औम प्रकाश धनखड़ राजनगर के बूथ न 18 पर कार्यकर्ताओ के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया। दिल्ली प्रभारी ने बताया कि पार्टी का हर कार्यकर्ता और नेता बूथों पर पहुंचा है और हनुमान चालीसा का पाठ किया है।

धनखड़ ने देश व प्रदेशवासियों को हनुमान चालीसा की बधाई देते हुए कहा कि हनुमान जी भगवान राम के अटल भक्त थे। भगवान और भक्त के ऐसे भक्तिभाव और स्नेह पूर्ण अतुलनीय सम्बंध का उल्लेख या उदाहरण कहीं नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि आज राम भक्त हनुमान का गुणगान भी प्रभुराम की तरह हो रहा हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता का देश के प्रति समर्पण भाव ऐसा ही है जैसा हनुमान जी का भक्तिभाव श्रीराम के प्रति हमने सुना और पढ़ा है। धनखड़ ने कहा कि रामनवमी के पावन पर्व पर अयोध्या में रामलला का सूर्य तिलक का दृश्य देख कर हर भारतीय ने अपने आप को गौरवान्वित महसूस किया। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा की मोदी सरकार के नेतृत्व में भारत अपने पुराने स्वर्णीम गौरव की ओर लौट रहा है। मोदी सरकार ने पिछले दस वर्षो में ढांचागत विकास के साथ सनातनी संस्कृति,विरासत और संस्कारों का पुनरुत्थान किया है।

दिल्ली प्रभारी धनखड़ ने कहा कि सभी के सपनों का भारत हकीकत में बदले यह मोदी की गारंटी है। नई तकनीक और नवाचार को अपनाते हुए भारत अगले पांच वर्षों में हर चीज का वैश्विक हब बनकर उभरे , यही हमारा का संकल्प है। वर्ष 2047 तक भारत विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में शामिल हो, यह हर भारतीय का सपना है और भाजपा का संकल्प।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 18.c

न्यूनतम तापमान 12.c

**बाजार**

सोना 5848/ g

चांदी 75.50/ g

संसेक्स 72,085.63

निफ्टी 21,853.80

# पतंजलि ने कहा- 67 अखबारों में माफीनामा छपवाया

### एससी ने पूछा- आपके पुराने विज्ञापन जैसा, फिर से जारी करने का आदेश

एजेंसी

**नई दिल्ली,** भ्रामक विज्ञापनों पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान पतंजलि आयुर्वेद ने कहा कि उसने 67 अखबारों में माफीनामा प्रकाशित किया है, जिसमें कहा गया है कि वह अदालत का पूरा सम्मान करता है और उनकी गलतियों को दोहराया नहीं जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि क्या पतंजलि द्वारा अखबारों में दी गई माफी का आकार उसके उत्पादों के लिए पूरे पेज के विज्ञापनों के समान था। विज्ञापन में पतंजलि ने अधिवक्ताओं द्वारा शीर्ष अदालत में बयान देने के बाद भी विज्ञापन प्रकाशित करने और प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करने की गलती के लिए माफी मांगी। पतंजलि ने सुप्रीम कोर्ट में दावा किया कि विज्ञापन की कीमत 10 लाख रुपये है। जस्टिस हिमा कोहली और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने पूछा कि सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई से ठीक पहले एक हफ्ते बाद माफी क्यों दाखिल की गई। जस्टिस कोहली ने कहा कि क्या माफी का आकार आपके विज्ञापनों के समान है? बाबा रामदेव और उनके सहयोगी आचार्य बालकृष्ण व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित थे। अदालत ने कहा कि आपके विज्ञापन जैसे रहते थे, इस विज्ञापन का भी वहीं साइज था? कृप्या इन विज्ञापनों की कटिंग लेकर हमें भेजें।

# सोनिया-मनमोहन के समय पाकिस्तान हर दिन हमले करता था

## वोट बैंक की राजनीति के कारण कांग्रेस ने कुछ नहीं किया : अमित शाह

एजेंसी

**नई दिल्ली,** केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा नेता अमित शाह ने मंगलवार को पिछली कांग्रेस सरकार पर जानबूझकर पाकिस्तान द्वारा किए गए आतंकी हमलों का जवाब नहीं देने का आरोप लगाया। महाराष्ट्र के अकोला में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने उरी और पुलवामा में आतंकी हमलों के जवाब में सर्जिकल और हवाई हमले किए। अमित शाह ने दावा किया कि कांग्रेस ने अपनी वोट बैंक की राजनीति के कारण पाकिस्तान से उत्पन्न होने वाले आतंकवाद के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं की। अमित शाह ने कहा कि जब सोनिया-मनमोहन सिंह की सरकार थी तो पाकिस्तान हर रोज हमले करता था। लेकिन वोट बैंक की राजनीति के कारण कांग्रेस ने कुछ नहीं किया। हालांकि, उन्होंने दावा किया कि पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत पर हमला करने वाले आतंकवादियों को खत्म कर दिया। उन्होंने कहा कि जब बीजेपी की सरकार बनी और पुलवामा में उरी हमला हुआ तो 10 दिन के अंदर पीएम मोदी ने सर्जिकल और एयर स्ट्राइक कर आतंकियों को खत्म कर दिया. पीएम मोदी ने महाराष्ट्र से नक्सलवाद को खत्म कर दिया। उरी और पुलवामा



आतंकी हमलों का बदला लेने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों ने पीएम मोदी के पहले कार्यकाल के दौरान दो बार पाकिस्तान के अंदर आतंकी ठिकानों पर हमला किया।

अमित शाह ने यह भी दावा किया कि कांग्रेस ने अनुच्छेद 370 को एक नाजायज बच्चे की तरह लाड़-प्यार दिया। जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को केंद्र ने 2019 में रद्द कर दिया था। अमित शाह ने कहा कि हमने अपने बहुमत का इस्तेमाल संविधान बदलने के लिए नहीं बल्कि कश्मीर में धारा 370 हटाने के लिए किया। अमित शाह ने कहा कि जब कांग्रेस केंद्र में सत्ता से बाहर हुई तो भारत की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान पर थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को 5वें स्थान पर पहुंचा दिया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस ने 70 साल तक, अनुच्छेद 370 को एक अवैध बच्चे की तरह लाड़-प्यार दिया। मैं शरद पवार से जरूर कुछ पूछना चाहता हूं, क्योंकि उद्धव जी से पूछने का कोई सवाल ही नहीं है, क्योंकि उन्हें अपने बेटे के अलावा कुछ दिखता ही नहीं है। परंतु मैं शरद पवार से पूछना चाहता हूं कि आप 10 साल तक कांग्रेस की केंद्र सरकार में कृषि मंत्रालय संभालते थे। इन 10 साल में सोनिया-मनमोहन की सरकार ने महाराष्ट्र के विकास के लिए कितना पैसा दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### तिहाड़ जेल में केजरीवाल का शुगर लेवल पहुंचा 300 पार, दी गई इन्सुलिन

**नई दिल्ली,** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद है। शराब घोटाले में जेल में बंद अरविंद केजरीवाल लगातार खुद को बीमार बता रहे है। इस मामले पर विवाद थमता नजर नहीं आ रहा है। इन्सुलिन के मामले पर आम आदमी पार्टी और बीजेपी लगातार आमने सामने आ रही है। दोनों पार्टियां लगातार बयानबाजी करने से पीछे नहीं हट रही है। इसी बीच जानकारी सामने आई है कि तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पहली बार इंसुलिन दी गई है। सोचो के अनुसार जेल में केजरीवाल का शुगर लेवल बार-बार बढ़ रहा है। अरविंद केजरीवाल का शुगर लेवल 320 के स्तर पर पहुंच गया था। इसके बाद उन्हें इंसुलिन दी गई है। अरविंद केजरीवाल शराब घोटाला मामले में तिहाड़ जेल में बंद है। जेल में बंद रहने के बाद यह पहला मौका है जब उन्हें इन्सुलिन दी गई है। वही इंसुलिन न दिए जाने को लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। पार्टी कार्यकताओं ने हाल ही में तिहाड़ जेल के बाहर जेल प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया था। आपने तो उन्हें तिहाड़ जेल के अधिकारियों से केजरीवाल को इंसुलिन उपलब्ध कराने की मांग भी की थी। इस मामले पर आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया था कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इंसुलिन नहीं दी जा रही है जिस कारण जेल में उनकी धीमी मौत हो रही है। आम आदमी पार्टी नहीं यह भी सवाल उठाया था कि अधिकारी इंसुलिन देने से मना क्यों कर रहे हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आम आदमी पार्टी द्वारा लगाया गए आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था।

# खुद को भगवान राम से भी बड़ा मानती है कांग्रेस : पीएम मोदी

- तुष्टिकरण और वोटबैंक की राजनीति उसके डीएनए में है

एजेंसी

**नई दिल्ली,** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार (23 अप्रैल) को कांग्रेस पर हमला तेज कर दिया और आरोप लगाया कि पार्टी खुद को भगवान राम से भी बड़ा मानती है और तुष्टिकरण करती है और वोट बैंक की राजनीति पार्टी के डीएनए में है। प्रधान मंत्री की टिप्पणी उनके धन के पुनर्वितरण वाले बयान पर विवाद के रूप में आई, जिससे राजनीतिक विवाद पैदा हो गया और कांग्रेस ने भाजपा की आलोचना की और मामले को भारत के चुनाव आयोग में ले गई। जांजगीर-चांपा में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ वासियों ने मोदी की हर गारंटी पर मुहर लगाई है।

मोदी ने कहा कि कुछ महीने पहले मैं विधानसभा चुनाव में भाजपा के लिए आपसे आशीर्वाद मांगने आया था। भाजपा के हर साथी को आप सब ने बहुत आशीर्वाद दिया, हमारे सेवा भाव को बहुत मान दिया। इसके लिए मैं आप सबका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि अयोध्या के जिस मंदिर की उम्मीद देश छोड़ चुका था। उस उम्मीद को पूरा करने का काम भाजपा ने किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग हम पर तंज करते थे, हर चुनाव में हमसे पूछा जाता था कि मंदिर कब बनेगा? हमने उन्हें तारीख भी बताई, समय भी बताया, निमंत्रण भी



भेजा, लेकिन उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का निमंत्रण ठुकरा दिया। कांग्रेस खुद को भगवान राम से भी बड़ा मानती है।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि धर्म के नाम पर देश को बांटने वाली कांग्रेस आजादी के बाद पहले दिन से तुष्टिकरण में लगी हुई थी। तुष्टिकरण और वोटबैंक की राजनीति कांग्रेस के ऊठअ में है। तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस को दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों का हक भी छीनना पड़े तो एक सेकंड भी नहीं लगाएगी। जबकि भाजपा सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर चलने वाली पार्टी है। हमारी प्राथमिकता- गरीब, युवा, महिला और किसानों का कल्याण है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले करीब 60 वर्ष तक, कांग्रेस के एक ही परिवार ने सीधा या रिमोट से सरकार चलाई। कांग्रेस कभी नहीं चाहती कि दलित, पिछड़े, आदिवासियों की भागीदारी बढ़े।

मोदी ने कहा कि 2014 में आपने, अपने बीच से आए मोदी को इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी। मैं आप सभी के बीच से आया हूं। मैं गरीबी को जी कर आया हूं। जिन मुसीबतों को आपके माता-पिता ने झेला है, उन्हें मैंने भी झेला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अब एक और बड़ा खेल शुरू कर दिया है। पहले कर्नाटक से कांग्रेस सांसद ने कहा कि दक्षिण भारत को अलग देश घोषित कर देंगे और अब कांग्रेस के गोवा के उम्मीदवार कह रहे हैं कि गोवा पर देश का संविधान लागू नहीं होता, गोवा पर देश का संविधान थोपा गया। ये भारत का और बाबा साहेब आंबेडकर का अपमान है। उन्होंने कहा कि ये जम्मू-कश्मीर के कुछ लोग भी कहा करते थे कि यहां भारत का संविधान नहीं चलेगा। आपने मोदी को आशीर्वाद दिया और आज जम्मू-कश्मीर में बाबा साहेब का संविधान लागू हो गया।

# मध्य प्रदेश में कार से 1.03 करोड़ रुपये नकदी, चार किलोग्राम चांदी के आभूषण जब्त

एजेंसी

मंदसौर। मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में पुलिस ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर वाहनों की जांच के दौरान एक कार से 1.03 करोड़ रुपये की नकदी और चार किलोग्राम चांदी के आभूषण जब्त किये हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि कार में सवार दो पुरुषों और एक महिला को हिरासत में ले लिया गया। उन्होंने बताया कि संसदीय चुनाव के मद्देनजर राज्य में उड़न दस्ता टीमों द्वारा वाहनों की जांच तेज कर दी गयी है। नयी आबादी थाना प्रभारी वरुण तिवारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सोमवार देर रात एक कार को रोका और आगे की दो सीटों के नीचे डिब्बे बनाकर छिपाकर रखी गई नकदी और चांदी के आभूषण बरामद किए। उन्होंने बताया कि दो पुरुषों और एक महिला को हिरासत में लिया गया और उनसे पूछताछ की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि जब्ती के बारे में आयकर विभाग को सूचित किया जाएगा। मंदसौर में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत 13 मई को मतदान होगा।

# 'नेताओं के भाषणों में दिख रहे हैं चुनावी नतीजों के रुझान', अखिलेश यादव का भाजपा पर तंज

एजेंसी

**लखनऊ,** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण के स्पष्ट संदर्भ में, जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति का पुनर्वितरण करना चाहती है, समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा कि चुनाव परिणामों के रुझान भाजपा नेताओं के भाषणों से दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद अगर इंडिया ब्लॉक की सरकार बनी तो गरीबों को न केवल वर्तमान में मिल रहा राशन मिलेगा, बल्कि पौष्टिक खाद्य सामग्री भी दी जायेगी।

यादव ने अलीगढ़ और हाथरस के इंडिया ब्लॉक उम्मीदवारों के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, 'हालांकि चुनाव के रुझान बाद में आते हैं लेकिन अब आपने दिल्ली के लोगों (पीएम) और लखनऊ के लोगों (सीएम) का भाषण सुना होगा। चुनाव



नतीजों के रुझान उन लोगों के भाषणों में दिख रहे हैं जो सत्ता से बाहर होने वाले हैं।'' उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव के पहले चरण में बीजेपी की स्थिति खराब हो गई है।''

उन्होंने कहा कि जो बातें आ रही हैं और दूसरों पर थोपी जा रही हैं, वे दरअसल उनके (भाजपा के) मन की बात हैं।' हम उन्हें (भाजपा) बताना चाहते हैं कि अब संविधान के बारे में बात करने का समय आ गया है। हालांकि यादव ने नाम नहीं लिया, लेकिन यह स्पष्ट रूप से राजस्थान के बांसवाड़ा में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण का संदर्भ था, जिसमें उन्होंने कांग्रेस के घोषणापत्र की आलोचना की और आरोप लगाया कि वह लोगों की मेहनत की कमाई और कीमती सामान घुसपैठियों को देने की योजना बना रही है जिनके अधिक बच्चे हैं और उन्होंने 2006 में अपने पूर्ववर्ती डॉ. मनमोहन सिंह के भाषण का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला दावा मुसलमानों का है।

# सपा नहीं चाहती एससी-एसटी वर्ग के लोगों को आरक्षण का लाभ मिले : मायावती

एजेंसी

अलीगढ़/मेरठ (उत्तर प्रदेश)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने मंगलवार को आरक्षण का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी (सपा) नहीं चाहती कि अनुसूचित जाति (एससी)- अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के लोगों को आरक्षण का लाभ मिले। मायावती ने दावा किया कि अगर उनकी पार्टी केंद्र की सत्ता में आयी तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य बनाया जाएगा। साथ ही उन्होंने मेरठ में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की खंडपीठ बनाने का वादा किया।

बसपा प्रमुख ने मंगलवार को मेरठ के लोहिया नगर क्षेत्र के अलीपुर मैदान में पार्टी उम्मीदवार देवव्रत कुमार त्यागी और अलीगढ़ के महेश्वर इंटर कॉलेज



में बसपा उम्मीदवार हितेन्द्र कुमार के समर्थन में अलग-अलग चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) व कांग्रेस पर निशाना साधा और आरक्षण के मुद्दे को लेकर सपा को कठघरे में खड़ा किया। मायावती ने कहा, सरकारी नौकरियों में दलितों, आदिवासियों के लिए आरक्षित पद सालों से भरे नहीं गए हैं।

मायावती ने कहा, उत्तर प्रदेश में जब सपा की सरकार थी तब एससी-एसटी वर्ग के सरकारी कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण बिल्कुल खत्म कर दिया गया था। बसपा प्रमुख ने आम मतदाताओं को सपा से सचेत करते हुए कहा क्या एससी-एसटी के कर्मचारी वर्ग ऐसी पार्टी (सपा) को वोट देकर अपना वोट खराब करेंगे, जो आपके आरक्षण को खत्म करने के लिए पूरे जी जान से लगी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया, सपा नहीं चाहती है कि एससी-एसटी वर्ग के लोगों को आरक्षण का लाभ मिले। पूर्व मुख्यमंत्री ने सवाल पूछा, जब पदोन्नति में आरक्षण को प्रभावी बनाने के लिए राज्यसभा में बसपा संशोधन विधेयक लेकर आई तो सपा सांसदों ने संसद में इस विधेयक को फाड़ दिया था। आप खुद ही बताइए कि ऐसी समाजवादी पार्टी दलितों शोषितों का क्या भला कर सकती है

बसपा प्रमुख ने केंद्र में सत्ता में आने पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ की तरह मेरठ में भी एक खंडपीठ बनाने का वादा करते हुए कहा कि केंद्र की सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है, हमारी पार्टी केंद्र की सत्ता में आयी तो इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाएगी। मायावती ने पश्चिमी क्षेत्र को मिलाकर अलग से राज्य बनाने का भी वादा किया। उन्होंने याद दिलाया कि उनकी सरकार ने प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार के पास भेजा था लेकिन केंद्र सरकार ने उसे अमल में नहीं लाया। मायावती सरकार ने 2011 में उत्तर प्रदेश को विभाजित कर पूर्वांचल, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड को अलग राज्य बनाने का प्रस्ताव पारित किया था।

## सम्पादकीय

# वैश्विक तनाव के दौर में सतर्क रहे भारत

पहले चरण के चुनाव और ईरान व इजराइल के बीच शुरू जंगी तनाव के बाद से भारतीय शेयर बाजार और सर्राफा बाजार ने उतार-चढ़ाव वाली प्रतिक्रिया दी है। शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गई है तो सर्राफा बाजार में तेजी देखी जा रही है। पहले चरण में 19 अप्रैल को 102 लोकसभा सीटों पर मतदान होने जा रहा है। इसके लिए अंतिम दिनों में प्रचार अभियान के दौरान सियासी दलों का पारा बेशक गर्म रहा, लेकिन भारतीय शेयर बाजार में उतार जारी रही है। भारतीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट रही। सेंसेक्स 455 अंक और निफ्टी 152 अंक गिर गया। लोकसभा चुनाव, ईरान व इजराइल के बीच युद्ध जैसा तनाव, नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद कम होने और घरेलू बाजार से विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार पूंजी निकासी के चलते शेयर बाजार में बिकवाली जारी है। पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी ब्याज दर में कटौती की उम्मीद कम होने से भी कारोबारी धारणा निगेटिव रूप से प्रभावित हो रही है। अमेरिकी शेयर बाजार में भी गिरावट का चक्र चल रहा है। सेंसेक्स में चार दिन से जारी तेज गिरावट के कारण निवेशकों की संपत्ति 9.30 लाख करोड़ रुपये कम हो गई। चार दिन में सेंसेक्स 2,549.16 अंक या 3.39 प्रतिशत टूट चुका है। बीएसई मानक सूचकांक के 10 अप्रैल को 75,000 के ऐतिहासिक आंकड़े के पार बंद होने के बाद 12 अप्रैल से बाजार में गिरावट जारी है। इसके उलट सोने का भाव एतिहासिक रूप से बढ़ रहे हैं। ईरान व इजराइल के बीच जंगी तनाव शुरू होने के बाद से सोने भाव 11 हजार रुपये प्रति दस ग्राम तक बढ़ चुके हैं, यहा दिखाता है कि निवेशकों में कितनी घबराहट है। दरअसल, जब वैश्विक स्तर पर किसी संकट के गहराने की आशंका प्रबल होती है तो निवेशकों का रुख बदलने लगता है, वह शेयर बाजार से विमुख होकर सोने में निवेश शुरू कर देता है। यही कारण है कि शेयर बाजार में गिरावट दर्ज होने लगती है और सर्राफा बाजार में तेजी आने लगती है। इस समय वैश्विक स्तर पर भूराजनीतिक तनाव अपने चरम पर है। रूस व यूक्रेन जंग तीसरे वर्ष में जारी है, हमास व इजराइल के बीच जंग चल ही रही है, ईरान ने ड्रोन व मिसाइल से हमले कर इजराइल के खिलाफ नया मार्चा खोल दिया है, अब इजराइल बदले की ताक में है। वैश्विक रक्षा व कूटनीतिक विशेषज्ञ इस स्थिति को विस्फोटक मान रहे हैं, वे आशंका जता रहे हैं कि कहीं यह तीसरे विश्व युद्ध का रूप न ले ले। इसके पीछे सोच यह है कि इन युद्धों के चलते दुनिया दो ध्रुवों में विभाजित होती जा रही है, धीरे-धीरे युद्ध में प्रत्यक्ष वा अप्रत्यक्ष देशों की संख्या बढ़ती जा रही है। संयुक्त राष्ट्र जिस तरह कमजोर संस्था बन रह गई है, और वह वैश्विक संघर्ष को कम करने में विफल साबित हो रही है, उससे तीसरे विश्व युद्ध जैसे हालात उत्पन्न होने की आशंका प्रबल होती जा रही है। जो अमेरिका वैश्विक शांति व सुरक्षा में बढ़चढ़ कर भूमिका निभाता रहा है, इजराइल प्रेम व ईरानी दुश्मनी के चलते खुद ही संघर्ष में लिप्त होता जा रहा है। भारत बेशक तटस्थ है, लेकिन वैश्विक स्थिति का उस पर भी प्रभाव अवश्य पड़ेगा। वैश्वीकृत अर्थव्यवस्था के चलते सबसे अधिक प्रभाव अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। भारतीय शेयर बाजार ने रिएक्ट करना शुरू कर दिया है। चूंकि भारत विकास पथ पर है, उसके विकसित अर्थव्यवस्था बनने के संकल्प हैं, इसलिए भारत को अत्यधिक सतर्क रहना होगा।

# मध्य पूर्व में अमन कायम हो



**इजराइल-ईरान तनाव**
प्रभात कुमार रॉय

> ईरान द्वारा इजराइल पर सैन्य धावा अंजाम देने के पश्चात क्या इजराइल और ईरान के बीच पैदा हुआ जबरदस्त सैन्य तनाव किसी बड़े विकराल युद्ध में परिवर्तित हो सकता है और समस्त मध्य पूर्व को अपनी चपेट में ले सकता है? फिलिस्तीन की गाजा पट्टी से सात अक्टूबर 2023 को फिलिस्तीन तंजीम हमास द्वारा इजराइल पर किए गए आकस्मिक आक्रमण से प्रारंभ हुए संघर्ष के वर्तमान दौर में ईरान द्वारा फिलिस्तीन के हमास, यमन के हूतियों, लेबनान के हिज्बुल्लाह, इराक के शिया मिलिशिया और सीरिया सरकार को फिलिस्तीनियों की मदद करने के लिए दौलत और हथियार फराहम कराए जाते रहे हैं।

यक्ष प्रश्न है कि ईरान द्वारा इजराइल पर सैन्य धावा अंजाम देने के पश्चात क्या इजराइल और ईरान के बीच पैदा हुआ जबरदस्त सैन्य तनाव किसी बड़े विकराल युद्ध में परिवर्तित हो सकता है और समस्त मध्य पूर्व को अपनी चपेट में ले सकता है? फिलिस्तीन की गाजा पट्टी से सात अक्टूबर 2023 को फिलिस्तीन तंजीम हमास द्वारा इजराइल पर किए गए आकस्मिक आक्रमण से प्रारंभ हुए संघर्ष के वर्तमान दौर में ईरान द्वारा फिलिस्तीन के हमास, यमन के हूतियों, लेबनान के हिज्बुल्लाह, इराक के शिया मिलिशिया और सीरिया सरकार को जबरदस्त तौर पर फिलिस्तीनियों की मदद करने के लिए बेशुमार दौलत और हथियार फराहम कराए जाते रहे हैं। इजराइल और हमास के मध्य जारी संघर्ष के इस दौर में इजराइल द्वारा सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर घातक आक्रमण किया, जिसमें कि ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स के दो जनरल तथा अनेक सैन्य अधिकारियों सहित 13 ईरानी हलाक हो गए थे। इन सैन्य अधिकारियों में ईरान की कुद्स फोर्स के ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद रेजा जाहेदी भी शामिल थे। कुद्स फोर्स ईरान के इलीट सैन्य फोर्स रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स का ईरान से बाहर सैन्य कार्यवाही अंजाम देने वाला सैन्य दस्ता है।

हालांकि इजराइल ने अभी तक कदाचित यह नहीं कबूल किया है कि उसने ही दमिश्क में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर घातक हमला किया था। इस आक्रमण के प्रतिशोध में ईरान ने इजराइल पर 300 से अधिक ड्रोन विमानों तथा ब्लास्टिक और क्रूज मिसाइलों से सीधा धावा बोल दिया। ईरान द्वारा अंजाम दिए गए आक्रमण में इजराइल को बहुत कम नुकसान उठाना पड़ा, क्योंकि इजराइल ने दावा किया है कि ईरान द्वारा दागी गई 90 प्रतिशत ब्लास्टिक और क्रूज मिसाइलों को हवा में ही मार गिराया गया। हालांकि इस जवाबी हमले में ईरान ने अपनी सैन्य क्षमता का बहुत कम प्रयोग किया, क्योंकि ईरान केवल सांकेतिक तौर पर इजराइल को यह पैगाम देना चाहता था कि वह इजराइल के विरुद्ध सीधा सैन्य आक्रमण अंजाम दे सकता है। ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स वस्तुतः सीरिया के माध्यम से ही हिज़बुल्लाह तंजीम के लिए हथियार और सैन्य साज़ो सामान भेजा करते हैं। इनमें मिसाइलें और रॉकेट आदि शामिल रहे हैं। इजराइल इन हथियारों की आपूर्ति को रोकने की सदैव कोशिश में रहा है। साथ ही वह सीरिया में ईरान की सैन्य ताक़त को मज़बूत होता भी नहीं देखना चाहता। यदि हम अतीत पर एक विहंगम दृष्टि डालें तो फिर यह ज्ञात होता है कि वर्ष 1979 तक ईरान और इजराइल एक दूसरे के जबरदस्त सहयोगी देश बने रहे थे, किंतु 1979 में ईरान में इस्लामी क्रांति संपन्न हो जाने के पश्चात एक दूसरे के दुश्मन देश बन गए हैं। ईरान द्वारा अंजाम दिए गए इस आक्रमण से पहले भी दोनों ही देश एक दूसरे पर अप्रत्यक्ष तौर पर आक्रमण करते रहे हैं, लेकिन इन आक्रमणों में प्रायः एक दूसरे के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया जाता रहा था, दोनों देशों ने कभी इन हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली। अभी तक ईरान ने इजराइल के अस्तित्व को बाकायदा कूटनीतिक तौर पर स्वीकार नहीं किया है।




ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई फरमाते हैं इजराइल एक कैंसर का ट्यूमर है और उसे पूरी तरह नेस्तनाबूद कर दिया जाएगा। इजराइल हुकूमत बयान करती कि ईरान उसके अस्तित्व के लिए बहुत गंभीर खतरा बना हुआ है। इजराइल हुकूमत इल्जाम आयद करती है कि ईरान फिलिस्तीनियों को हथियारबंद करता रहता है, लेबनान को फंडिंग करता है और हथियार फराहम कराता है। इजराइल का इल्जाम है कि ईरान गुप्त तौर पर परमाणु हथियार निर्मित कर रहा है, जबकि ईरान न्यूक्लियर बम बनाने से एकदम स्पष्ट इनकार करता है। मध्य-पूर्व में अमेरिका और इजराइल के हितों को चुनौती देने के लिए ईरान ने सहयोगियों का एक शक्तिशाली नेटवर्क निर्मित कर लिया है। ईरान किसी न किसी स्तर पर इन सहयोगियों का मदद करता रहता है। हकीकत बयान करती है कि इजराइल के पास परमाणु हथियार विद्यमान हैं, लेकिन आधिकारिक तौर पर इजराइल इसे स्वीकार नहीं करता है और ईरान परमाणु बम निर्मित कर पाने की क्षमता से कुछ कदम ही दूर है। इजराइल हमेशा ही ईरान के साथ किसी भी तरह के समझौते का विरोधी रहा है। सीरिया वस्तुत ईरान का सबसे बड़ा सहयोगी देश रहा है। रूस की मदद से ईरान ने सीरिया में बशर अल-असद की सरकार की निरंतर इमदाद और हिमायत की है। एक दशक से चल रहे गृह युद्ध के बावजूद बशर अल-असद रूस और ईरान की सक्रिय इमदाद से सीरिया के राष्ट्रपति पद पर आसीन हैं। यूक्रेन युद्ध के दौर में ईरान द्वारा रूस को भारी संख्या में ड्रोन विमान प्रदान किए जा रहे हैं। विश्व राजनीति के पटल पर एक दफा पुनः परस्पर विरोधी दो शक्तिशाली सैन्य गुटों का उदय हो चुका है और दुनिया के दरवाजे पर एक और कोल्ड वॉर बाकायदा दस्तक दे चुकी है। एक तरफ अमेरिका की कयादत में नॉटो सैन्य संधि के राष्ट्र हैं तो दूसरी तरफ चीन, रूस, ईरान, नार्थ कोरिया, सीरिया, लेबनान, यमन, क्यूबा आदि राष्ट्र एकजुट हैं। इजराइल को ईरान के विरुद्ध सीधी सैन्य कार्यवाही अंजाम देने से अमेरिका द्वारा फिलहाल रोक दिया गया है। अमेरिका को प्रबल आशंका है कि इजराइल द्वारा ईरान के विरुद्ध जवाबी सैन्य कार्यवाही से युद्ध का विकट विस्तार हो सकता है। विश्व पटल पर ईरान अब अकेला और अलग थलग देश नहीं रह गया है, वरन रूस और चीन सरीखी प्रबल सैन्य शक्तियों का समर्थन ईरान के साथ सन्नद हो चुका है। चीन द्वारा सऊदी अरब और ईरान के मध्य कूटनीतिक मित्रता स्थापित करने का समुचित प्रयास किया जा रहा है। यूक्रेन युद्ध में दो वर्षों से निरंतर उलझा हुआ अमेरिका कदाचित नहीं चाहता है कि उसके लिए जंग का एक नया मोर्चा अभी और खुल जाए, इजराइल वस्तुतः अमेरिका के समर्थन और सैन्य सहयोग के अभाव में ईरान से कदापि सीधे युद्ध करने की हिम्मत कदाचित नहीं जुटा सकता है। दरअसल जब तक फिलिस्तिनियों को खुदमुख्तार और आजाद राष्ट्र नहीं हासिल हो जाएगा तब तक मध्यपूर्व में शांति स्थापित नहीं हो सकेगी। पश्चिम के नॉटो राष्ट्रों ने फिलीस्तिनियों के साथ घनघोर अन्याय किया है। अमेरिका की कयादत में नॉटो राष्ट्रों द्वारा इजराइल का अन्ध समर्थन किया जाता रहा है और फिलिस्तिनियों के वाजिब हक की उपेक्षा की जाती रही है। वर्ष 1948 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा नवनिर्मित राष्ट्र इजराइल को 55 फीसदी और फिलिस्तिनियों को 45 फीसदी जमीन पर हक प्रदान किया गया। जबकि आजकल फिलिस्तिनियों पास केवल 15 फीसदी जमीन रह गई है। विगत अक्तूबर से गाजा में इजराइल द्वारा जो जुल्म बच्चों और महिलाओं को कत्ल औ गारद अंजाम देकर ढाया जा रहा है। मानवाधिकारों का ढोल पीटने वाले पश्चिमी देश एकदम खामोश बने हुए है। फिलिस्तीन समस्या के समुचित और न्यायपूर्ण निदान के बिना मध्यपूर्व में शांति और अमन की स्थापना नहीं की जा सकेगी और विनाशकारी युद्ध की आशंकाएं निरंतर कायम बनी रहेंगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

**आम चुनाव**
विवेक शुक्ला



# पूर्वोत्तर भाजपा के लिए क्यों अहम

पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में 19, 26 अप्रैल और फिर 9 मई को लोकसभा की 25 सीटों के लिए मतदान होना है। भाजपा की चाहत है कि वह अपने सहयोगियों के साथ पूर्वोत्तर के राज्यों में इस बार क्लीन स्वीप करे। 2019 के लोकसभा चुनाव में अलग-अलग लड़ने के बावजूद भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियों को 25 में से 19 सीटों पर जीत मिली थी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा की तरफ से पूर्वोत्तर में कैंपेन की कमान संभाली हुई है। उन्होंने बीते सोमवार को एक चुनावी सभा में कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की प्राथमिकता शांति स्थापित करना और मणिपुर में सभी समुदायों के बीच एकता सुनिश्चित करना है। इस बार का चुनाव मणिपुर को एकजुट करने और राज्य के विभाजन का विरोध करने के लिए है। गृहमंत्री ने सभा में कहा, 'हम किसी भी कीमत पर मणिपुर को विभाजित नहीं होने देंगे।' पीएम मोदी हमेशा कहते रहे हैं कि देश की किस्मत तब बदलेगी, जब पूर्वोत्तर और मणिपुर की किस्मत बदलेगी। मोदी न केवल क्षेत्र और देश का विकास कर रहे हैं, बल्कि मणिपुर और भारत की भी रक्षा कर रहे हैं। पूर्वोत्तर भारत में लोकसभा की 25 सीटें आठ राज्यों में फैली हुई हैं। इनमें, अकेले असम में 14 सीटें हैं। मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और त्रिपुरा में दो-दो सीटें हैं, जबकि नगालैंड, सिक्किम और मिजोरम में एक-एक सीट है। वहीं, विपक्षी दलों ने भी भाजपा के विजयरथ को रोकने के लिए साथ आने का फैसला किया है। इस बार के चुनाव में सबकी नजर नॉर्थ ईस्ट पर हैं। इस बीच, एक खबरिया चैनल के मुताबिक, 14 लोकसभा सीट वाले असम में सत्तारूढ़ भाजपा 11 से 13 सीट जीत सकती है, जबकि कांग्रेस के 0 से 1 सीट जीतने की उम्मीद है। वहीं, बदरुद्दीन अजमल की ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ) की भी 0 से 1 सीट जीतने की उम्मीद है. वहीं, नॉर्थ ईस्ट के अन्य राज्यों की 11 सीट में बीजेपी 4 से 6 सीट जीत सकती है। सर्वे के अनुसार कांग्रेस को नॉर्थ ईस्ट में 0 से 2 सीट मिल सकती हैं, जबकि अन्य के खाते में 4 से 6 सीट जा सकती हैं। इस बीच, पूर्वोत्तर मामलों के जानकार भी कहते हैं कि केन्द्र सरकार ने देश के पूर्वोत्तर राज्यों के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए दिल खोलकर मदद की है। इसका भाजपा को लाभ मिलेगा। पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री विकास पहल (पीएम-डिवाइन) को केन्द्रीय बजट 2022-23 में 100 प्रतिशत केंद्रीय वित्त पोषण के साथ एक नई केंद्रीय क्षेत्र योजना के रूप में घोषित किया गया था और 12 अक्टूबर, 2022 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2022-23 से 2025-26 तक 4 साल की अवधि (15वें वित्त आयोग की अवधि के शेष वर्ष) के लिए 6,600 करोड़ के कुल परिव्यय के साथ अनुमोदित किया था। पीएम डिवाइन योजना के लिए विस्तृत दिशा निर्देश 21 अगस्त 2023 को जारी किए गए थे। उधर, राजधानी में रहने वाले पूर्वोत्तर राज्यों के नागरिक अपने राज्य के चुनावी माहौल पर नजरें टिकाए हुए हैं। पेशे से सिविल इंजीनियर जेम्स मणिपुर कहते हैं, अब दिल्ली-एनसीआर अपना लगता है। हम यहां ही 25 मई को अपना वोट देंगे। इधर हमारे साथ नस्लीय हिंसा और भेदभाव की घटनाएं गुजरे दौर की बातें हो चुकी हैं। जेम्स की टिप्पणी से भरोसा जागता है, पर अरुणाचल प्रदेश के नौजवान निडो तानिया के साथ जो हुआ था वह भी तो भुलाया नहीं जाता। उनकी 2014 में लाजपत नगर में नस्लीय टिप्पणी का विरोध करने पर हत्या कर दी गई थी। उस भयावह घटना की गूंज दूर तक गई थी। दिल्ली शर्मसार भी हुई थी। टी. वांगमू नोरबू दार्जिलिंग से हैं। कहती हैं, दिल्ली पुलिस ने नार्थ ईस्ट, दार्जिलिंग और लद्दाख के नागरिकों के मसलों को देखने के लिए एक अलग से यूनिट बनाकर ठोस पहल की थी। बेशक, इसके गठन के बाद हमारी एक पुरानी मांग पूरी हुई थी। पर्वतारोही वांगमू नोरबू को अब रात को किसी पार्टी से अपने वसंत कुंज वाले घर वापस आते हुए डर नहीं लगता। वजह दिल्ली पुलिस का उनको लेकर अधिक संसेटिव होना है। इसके कामकाज को खुद गृह मंत्री अमित शाह देखते हैं। 2014 में जब नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में एनडीए की सरकार बनी तब तत्कालीन गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्वोत्तर परिषद के सदस्य एमपी बेजबरुआ की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था। समिति का एक सुझाव यह भी था कि दिल्ली पुलिस में एक डेडिकेटिड यूनिट पूर्वोत्तर के नागरिकों के मसलों को सुलझाने के लिए बने। सरकार ने इस सिफारिश को माना। जाहिर है, तब से दिल्ली पुलिस का समावेशी चेहरा भी सामने आया। वर्ना पहले तो दिल्ली पुलिस का मतलब दिल्ली देहात और हरियाणा ही होता था। बहरहाल, भाजपा को अगर 370 सीटों को जीतने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है, तो उसे पूर्वोत्तर राज्यों में पहले से बेहतर प्रदर्शन करना ही होगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन का मार्गदर्शन करती है अंतःकरण की आवाज





संकलित
**प्रेरणा**

हमारे अंतःकरण की आवाज हमारी मुख्य मार्गदर्शक होती है। यही हमें सही और गलत में अंतर का आभास कराती है। मनोविज्ञान के अनुसार, जब किसी मनुष्य का कोई कार्य, विचार और अभिव्यक्ति नैतिक मूल्यों के विपरीत परिणाम देती है तो अंतर्मन की आवाज उस व्यक्ति में ग्लानि और पश्चाताप की भावना को जन्म देती है, लेकिन जब हमारे कार्य नैतिक मूल्यों के अनुरूप परिणाम देते हैं तो इससे मन भीतर से प्रसन्न होता है। आज के इस कोलाहल भरे समय में हम प्रायः अपने अंतःकरण की आवाज को सुन नहीं पाते या उसे सुनकर उस पर अपेक्षित मनन नहीं करते। यही कारण है कि हम अपने जीवन में भटकाव महसूस करते हैं। महात्मा गांधी तो अंतःकरण की आवाज को ही सर्वोच्च मानते थे। उनके कई निर्णयों का आधार ही अंतःकरण की आवाज थी। इसी कारण गांधीजी सत्य के साथ खड़े रहे। इसीलिए उनके द्वारा किए गए अधिकांश प्रयोग सफल रहे। जीवन में सदैव संतुष्ट एवं प्रसन्न रहने का सरल सा तरीका यही है कि हम अपने अंतःकरण की आवाज सुनें, क्योंकि हमारे अंदर से आने वाली आवाज प्रत्येक परिस्थिति में सही होती है। हम जब कभी भी कुछ गलती या बुरा आचरण कर रहे होते हैं, तब हम अपनी भूल को जानते हैं। हमें कुछ अटपटा सा लगता है। भीतर से आवाज आती है कि यह कार्य उचित नहीं है। यही हमारे अंतःकरण की आवाज होती है। यही आवाज हमें कुछ गलत करने से रोकती है। जब हम अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करते हैं तो अंतरात्मा से हमारा संपर्क कमजोर हो जाता है।

## मृत्यु अटल है, जो समझते हैं, वे प्रसन्न रहेंगे





संकलित
**दर्शन**

एक प्रवचन के बाद एक व्यक्ति तुकाराम के पास आया और बोला कि आप इतने आनंद में और शांत कैसे रहते हैं? तुकाराम जी ने उस व्यक्ति की बातें ध्यान से सुनीं और अचानक बोले कि भाई सात दिनों के बाद तुम्हारी मृत्यु होने वाली है। ये बात सुनते ही तुरंत ही उस व्यक्ति की हालत खराब हो गई। क्योंकि वह मानता था कि तुकाराम जी बहुत सिद्ध संत हैं, इनकी बात गलत नहीं हो सकती है। उसने तय किया कि जीवन के सात दिन बचे हैं तो अब आनंद के साथ ही जीना चाहिए। उस व्यक्ति ने अपनी जीवन शैली ही बदल दी। सभी के साथ प्रेम से रहने लगा। उसने जो गलतियां की थीं, उनमें सुधार किया। जिन लोगों को उसकी वजह से नुकसान हुआ था, उनसे क्षमा मांगी। हर पर प्रसन्न रहने लगा। इसी तरह सातवां दिन आ गया। उनसे सोचा कि अंतिम दिन अपने गुरु से भी मिल लेना चाहिए। वह तुरंत ही तुकाराम जी के पास पहुंच गया। उसने कहा कि जैसा आपने कहा था कि मेरी सात दिन बात मृत्यु होगी। आज सातवां दिन है। अंतिम दिन मैं आपसे मिलने आया हूं। तुकाराम जी ने उसकी बात सुनी और कहा कि जुग-जुग जियो। ये बात सुनकर उस व्यक्ति ने कहा कि गुरु जी मैं अगले दिन तो मैं मर जाऊंगा तो आप ऐसा आशीर्वाद क्यों दे रहे हैं? तुकाराम जी ने कहा कि मैंने तो तुम्हें तुम्हारे ही सवाल का जवाब दिया था, तुमने मेरे प्रसन्न रहने का रहस्य पूछा था।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### कुप्रथा का अंत कैसे होगा

दहेज का मतलब होता है बेटी को शादी के समय अपनी खुशी से कोई उपहार देना। भारत में यह प्रथा प्राचीन काल से चली आ रही है। लेकिन आधुनिक और भौतिकवाद के समय में आज कुछ लालची लोगों ने इसे कुप्रथा बना दिया है। हमारे देश में दहेज कुप्रथा अभी भी पैर पसारे हुए है। हमारे राज्य में भी इस कुप्रथा का चलन कोई कम नहीं है। यहां भी दहेज लेने-देने की रूढ़िवादी परंपरा गरीबों के लिए अभिशाप बनी हुई है। दहेज के बहुत से रूप हैं, सोना, चांदी, गाड़ी, इलेक्ट्रॉनिक सामान, और भी न जाने क्या कुछ। शादी के समय वधू पक्ष की तरफ से वर पक्ष के रिश्तेदारों को कपड़े, कंबल आदि सामान देने की रूढ़िवादी रीत चली हुई है। वर पक्ष जब वधू पक्ष के घर पर बारात लेकर पहुंचते हैं तब मिलनी कराने के नाम पर भी दहेज दी जाती है। – *ज्योति पाठक, रायगढ़*

### ट्रेंड

#### रिफॉर्म, परफॉर्म पर जोर



भारत का पूरा जोर रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म पर है। विकास के प्रति हमारा दृष्टिकोण भविष्यवादी है और इसका उद्देश्य एक बेहतर और अधिक टिकाऊ ग्रह का निर्माण करना भी है। हम इसके लिए पूरी शिद्दत से प्रयास में जुटे हैं।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

#### प्रसन्नता विचार सापेक्ष



जब मनुष्य के पास सद्विचारों का प्रकाश आता है, तो उसे शाश्वत आह्लाद की संप्राप्ति होती है।आनंद का अर्थ है, प्रसन्नता, शांति, स्फूर्ति, उमंग और उल्लास का आना। प्रसन्नता वस्तु और पदार्थ सापेक्ष नहीं अपितु विचार सापेक्ष है।

# आज का राशिफल

मेष राशि- आज रूके हुए काम पूरे हो सकते हैं। अचानक कहीं से धन लाभ हो सकता है। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए दिन आज का दिन बेहतर है। आज आपकी जिम्मेदारी बढ़ेगी। आज रचनात्मक कामों के लिहाज से समय अच्छा है। मन में कई नए विचार आ सकते हैं। किसी अनजाने के सहयोग से काम पूरा हो सकता है। कुछ लोगों का ध्यान आप पर रहेगा। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है।

वृष राशि-आज आप खुद को एनर्जेटिक महसूस करेंगे। पैसों से जुड़ा आपने जो फैसला लिया था, आज उसके सुखद परिणाम मिल सकते हैं। तरक्की के कुछ ऐसे मामले सामने आएंगे, जिसमें जीवनसाथी की सलाह आपके लिये फायदेमंद रहेगी। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन काफी बढ़िया रहेगा। आज शाम को कोई अच्छी खबर सुनने को मिलेगी।

मिथुन राशि- आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। व्यावसायिक प्रगति के लिए आज का दिन अनुकूल है। धन लाभ हो सकते हैं। परिश्रम का पूरा-पूरा लाभ मिलेगा। वैवाहिक समस्याओं का समाधान हो सकता है। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान कर सकते हैं। समाज में मान-प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी होगी। आज मन प्रसन्न रहेगा। प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। इससे आपका आर्थिक पक्ष मजबूत ररहेगा। राजनीतिक से जुड़े लोगों को आज मान-सम्मान बढ़ेगा, लोग आपके व्यक्तित्व से प्रेरणा लेंगें।

कर्क राशि- आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। परिवार में आज किसी सदस्य से थोड़ा विवाद हो सकता है। बेहतर होगा आज बेवजह किसी बातों में दखल देने से बचें। इस राशि के स्टूडेंट्स को आज परीक्षा में अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। आप परिवार के साथ कहीं बाहर घूमने जा सकते हैं। व्यापार मध्यम स्तर पर रहेगा। जाने अनजाने में आपसे कोई गलती हो सकती है, जिसकी वजह से आपको थोड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

सिंह राशि- आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज कोई बड़ा कदम उठाने से बचें। आपको कोई फैसला लेने में समयसा महसूस हो सकती है। आज कोई पुराना विवाद सामने आ सकता है। संतान की शिक्षा में उन्नति होने की संभावना है। पढ़ाई के प्रति उनकी गंभीरता बढ़ेगी। आज ठीक से योजना न बनाने के कारण आपका काफी समय खराब हो सकता है। इस राशि के राजनीतिक नेताओं के लिए आज का दिन अच्छा है। अपने उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा।

कन्या राशि- आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आप किसी काम में बेहतरीन परफॉरमेंस देने के लिए कुछ नया करेंगे। सफलता जरूर हासिल होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आप स्वस्थ महसूस करेंगे। अगर आप निवेश करना चाहते हैं, तो किसी की मदद लें, अच्छा रहेगा। परिवार में किसी धार्मिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी। किसी से उपहार मिल सकता है। घरेलू काम को निपटाने में सफल रहेंगे। सही योजना के तहत करियर में बदलाव ला सकते हैं।

तुला राशि- आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज आपकी कुछ चिंताएं आपके लिए रूकावटें बन सकती हैं। अनियमित दिनचर्या के कारण आलस्य और थकान हो सकती है। अपने काम को न टालें। बेहतर होगा समय से काम पूरा कर लें। ओवर कॉन्फिडेंस जैसी स्थिति बन सकती है, इससे बचकर रहें। आपके जीवनसाथी के कामकाज को लेकर व्यस्तता आपकी उदासी का कारण बन सकती है।

वृश्चिक राशि-आज मित्रों के सहयोग से रूके हुए काम पूरे हो सकते हैं। घर पर अचानक कोई मेहमान आ सकते हैं। शाम तक घर में किसी छोटी पार्टी का आयोजन कर सकते हैं। पुराने दोस्तों से मिलने का मौका मिल सकता है। आपको बिजनेस में मुनाफा होगा। कारोबारियों के लिए धन लाभ के योग बने हुए हैं। दूसरों के साथ खुशी बांटने से आपको बेहतर फील होगा।

धनु राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपका अधिकतर समय बच्चों के साथ व्यतीत होगा। आप सकारात्मक रहेंगे और आपके मन में कई उम्मीदे भी बनी रहेंगी। कुछ नया काम करेंगे। अपने जीवन में अच्छा खासा सुधार कर सकते हैं। काम की पहले से योजना बनाना ज्यादा कारगर साबित होगा।

मकर राशि- आज कोई नया काम शुरू करने से बचें। इस राशि के छात्रों को आज अधिक मेहनत करनी की जरूरत है। आज आपके कुछ काम अटक सकते हैं। इस राशि के मीडिया से जुड़े लोगों को आज थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। आप अपने विचारों और भावनाओं की अभिव्यक्ति बहुत अच्छी तरह कर सकेंगे।

कुंभ राशि- आज किस्मत आपके साथ रहेगी। आपकी सेहत अच्छी रहेगी। भौतिक सुख-सुविधाओं की ओर आपका रुझान बढ़ेगा। आपकी व्यक्तिगत समस्याएं हल होंगी। आज किसी भी काम के बारे में गहराई से विचार करेंगे, तो नतीजे आपके फेवर में आ सकते हैं। घर और ऑफिस दोनों जगह का माहौल आपके लिए खुशनुमा रहेगा। अगर आज आप किसी नए व्यापार की शुरूआत करना चाह रहें है, तो राहुकाल देखकर ही शुरूआत करें।

मीन राशि- आज आपका ध्यान धार्मिक कार्यों में लग सकता है। शाम तक किसी धार्मिक आयोजन में भी जा सकते हैं। कामकाज से जुड़ी परेशानियां खत्म हो सकती हैं। आपको कोई सरप्राइज मिल सकता है। लाभ के साधनों में कमी आ सकती है। माता-पिता का सहयोग प्राप्त होने का योग है। कामकाज के क्षेत्र में परिवार का सहयोग प्राप्त हो सकता है। मेहनत के मुताबिक सफलता आपको हासिल होगी। आय के नए स्त्रोत मिलने से आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी।

फिल्म इवेंट

भोजपुरी

## लग्जरी कार छोड़कर ऑटो में गईं अक्षरा



भोजपुरी फिल्मों की क्वीन अक्षरा सिंह सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टा स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसे लेकर वे एक बार फिर चर्चा में छाई हुई हैं। दरअसल, अक्षरा सिंह ने सोमवार को काम पर जाने के लिए किसी लग्जरी कार से नहीं बल्कि ऑटोरिक्शा से गईं। इसकी एक छोटी से झलक दिखाते हुए एक्ट्रेस ने लिखा है कि 'ऑटो में घूमने की खुशी'। एक्ट्रेस को देखकर लग रहा है कि वे ऑटोरिक्शा की सवारी को खूब एंजॉय कर रही हैं। अक्षरा ने बैकग्राउंड में 'आई कांट गेट एनफ' गाना शेयर किया है। एक्ट्रेस के वर्कफ्रंट की बात करें तो हाल ही में उन्हें एक म्यूजिक वीडियो 'डिफेंडर' में देखा गया है। इस वीडियो में भोजपुरी एक्ट्रेस पंजाबी गायक मनकीरत औलख के साथ नजर आईं। बता दें कि इस गाने को मनकीरत, रेणुका पंवार और शेव ने गाया है। वहीं इसके बोल रईस ने और संगीत शेव ने दिया है। वीडियो का निर्देशन शेरा ने किया है। सोशल मीडिया पर उनका ये गाना खूब वायरल हो रहा है। अक्षरा के फैंस इन गाने पर जमकर रील्स बना रहे हैं।

तमिल सिनेमा

## एक सिंपल सी लड़की को देखते ही दिल दे बैठे थे रजनीकांत



साउथ सिनेमा में भगवान की तरह पूजे जाने वाले एक्टर रजनीकांत हिंदी सिनेमा का एक बड़ा नाम है। आपको ये जानकर हैरान होगी कि इंटरव्यू लेने आई एक लड़की को देखते ही रजनीकांत अपना दिल हार बैठे थे। ये लड़की रजनीकांत की वाइफ लता रंगाचारी है। दोनों की पहली मुलाकात साल 1979 में हुई थी, जब रजनीकांत अपनी फिल्म थिल्लू मल्लू की शूटिंग कर रहे थे। उस दौरान इतिराज कॉलेज की एक स्टूडेंट लता उनका इंटरव्यू लेने आईं। पहहली नजर में ही रजनीकांत को लता से प्यार हो गया था। जैसे ही लता ने इंटरव्यू खत्म किया तो सुपरस्टार ने उनसे शादी के लिए प्रपोज कर डाला। रजनीकांत ने लता से कहा कि क्या आप मुझसे शादी करेंगी? ये सुनते ही लता हैरान रह गईं और उस वक्त उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। लता से रजनीकांत से कहा कि इसके लिए आपको मेरे माता-पिता से बात करनी होगी। वहीं रजनीकांत को इस बात का डर था कि कहीं उनके पैरेंट्स इस शादी से इनकार ना कर दें। हालांकि, वे इस रिश्ते के लिए राजी हो गए थे। वहीं दोनों के घरवालों की रजामंदी के बाद रजनीकांत और लता 26 फरवरी 1981 को बड़े धूमधाम से शादी रचाई। रजनीकांत और लता की शादी को 43 साल हो चुके हैं।

मणिपुर सिनेमा

## सोमा लैशराम पर तीन साल के लिए लगा बैन



इंफाल बेस्ड एक ऑर्गेनाइजेशन ने पॉपुलर मणिपुरी फिल्म स्टार सोमा लैशराम को तीन साल के लिए फिल्मों में काम करने और सोशल इवेंट में भाग लेने पर बैन लगा दिया है। कहा जा रहा है कि इस संगठन ने कई मशहूर हस्तियों से अपील की थी कि जब तक मणिपुर हिंसा की आग से धधक रहा है तब तक वे मनोरंजन कार्यक्रमों में भाग न लें लेकिन सोमा लैशराम ने इनकी बात नहीं मानी जिसके चलते उन पर बैन लगाया गया है। वहीं राज्य में सभी फिल्म बॉडी के संगठन, फिल्म फोरम मणिपुर ने लैशराम पर लगाए गए केकेएल के फैसले की भारी आलोचना की और कहा कि वह बैन को रद्द कराने की कोशिश करेंगे कांगलेइपाक कनबा लूप (केकेएल) ग्रुप ने कहा कि फिल्म स्टार सोमा लैशराम ने 16 सितंबर को नई दिल्ली में एक ब्यूटी पेजेंट में भाग लिया था, जो कि मणिपुर में चल रहे जातीय संघर्ष के मद्देनजर एक्टर्स को ऐसे आयोजनों से बचने के सामान्य आह्वान के खिलाफ था। बता दें कि लैशराम ने 150 से ज्याद मणिपुरी फिल्मों में अपनी दमदार एक्टिंग का लोहा मनवाया है और कई पुरस्कार जीते हैं। वहीं केकेएल द्वारा लगाए गए बैन पर लैशराम ने कहा कि उन्होंने नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में नॉर्थ ईस्ट स्टूडेंट्स फेस्टिवल में भाग लिया क्योंकि इसने पूर्वोत्तर की सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाया था।

लाइफ स्टाइल

## बॉलीवुड की सबसे महंगी दुल्हन



शादी के तय होने से लेकर सपन्न होने तक कई तैयारियां होती हैं, जिसको करने के लिए मेहनत के साथ नोट भी काफी खर्च होते हैं। वहीं बात अगर बॉलीवुड की एक्ट्रेसेस के बारे में करें तो आज तक जितनी भी अभिनेत्रियां दुल्हन बनीं सभी ने लाखों रुपये कीमत के लहंगे पहने मगर उनमें सबसे महंगी दुल्हन की बात की जाए तो उसमें सबसे महंगा पहनने वाली एक्ट्रेस हैं सोनम कपूर, जिन्हें लोग फैशन डीवा के नाम से भी जानते हैं। सोनम ने अपनी शादी में सुर्ख लाल रंग का हैवी लहंगा पहना था जिसकी कीमत 90 लाख रुपये थी। दूसरे नंबर पर हैं प्रियंका चोपड़ा जिन्होंने अमेरिकी सिंगर निक जोनस से शादी की है। शादी में प्रियंका चोपड़ा ने लाल रंग सब्यसाची लहंगा पहना था, जिसकी कीमत 18 लाख के करीब बताई जाती है।

## गर्मी में कपड़ों से आती है पसीने की स्मेल तो आजमाएं ये घरेलू ट्रिक्स, तुरंत मिलेगा छुटकारा

गर्मी के दिनों में पसीने की बदबू से बहुत से लोग परेशान रहते हैं, खासकर जब यह बदबू कपड़ों से आती है। कपड़ों से आने वाली पसीने की दुर्गंध न सिर्फ खुद को, बल्कि आसपास के लोगों को भी असहज कर सकती है।

अगर आप भी इससे दिक्कत महसूस कर रहे हैं तो परेशान न हों। हम आपके लिए कुछ बहुत ही सरल घरेलू नुस्खे लेकर आए हैं जो आसानी से यह समस्या दूर कर देंगे। आज हम ऐसे ही कुछ उपाय बताएंगे जो जल्दी काम करते हैं और आपको फ्रेश रखते हैं।



### नींबू का उपयोग

नींबू के रस में एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं जो कपड़ों की बदबू दूर कर सकते हैं। आप या तो नींबू का रस सीधे पसीने के निशान वाले हिस्से पर रगड़ें या कपड़े धोने के पानी में मिला दें। इससे दुर्गंध में कमी आएगी और कपड़े ताजगी से भर उठेंगे। इसके साथ ही जो आपके आसपास रहेगा उसे भी भीनी-भीनी ख़ुशबू आएगी।

### बेकिंग सोडा

बेकिंग सोडा भी पसीने की बदबू को खत्म करने का एक अच्छा तरीका है। आप इसे उन जगहों पर लगाएं जहां पसीने के दाग हैं। बस थोड़ा सा बेकिंग सोडा लें और दाग पर छिड़कें। इसे कुछ घंटे वैसे ही छोड़ दें, फिर उस कपड़े को अच्छी तरह से धो लें। इससे कपड़े से बदबू चली जाएगी और वे फिर से ताजा महसूस होंगे।

### सिरका

सिरका भी कपड़ों से बदबू हटाने का बहुत अच्छा उपाय है। आप कपड़े धोने के पानी में थोड़ा सिरका मिला सकते हैं, इससे बदबू दूर होगी। अगर कपड़े पर ज्यादा स्मेल है, तो आप सीधे उस जगह पर सिरका लगा सकते हैं। इसे थोड़ी देर के लिए ऐसे ही छोड़ दें, फिर धो लें। इससे स्मेल चली जाएगी और कपड़े फिर से फ्रेश हो जाएंगे।

### हमेशा साफ-सुथरे कपड़े पहनें

गर्मी के दिनों में हमेशा साफ और सूखे कपड़े पहनना चाहिए। इस मौसम में कपड़े अक्सर बदलें और उन्हें खुली और हवादार जगह पर सुखाएं। ऐसा करने से कपड़े लंबे समय तक ताजा रहेंगे और दुर्गंध से बचे रहेंगे।

## सूती साड़ी पहनने में होती है झिझक तो अपनाएं इसे स्टाइल करने के टिप्स

फैशन



गर्मियों में सूती साड़ी से ज्यादा आरामदायक कुछ नहीं होता लेकिन कुछ महिलाएं इसे बाहर पहनने से झिझकती हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है, यहां से कॉटन साड़ी को स्टाइल करने के टिप्स। न्यूलीवेड एक्ट्रेस रकुलप्रीत सिंह एक बार फिर सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। उन्होंने गर्मियों के हिसाब से खुद को स्टाइल कर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जो फैंस को खूब पसंद आ रही हैं। गर्मी ने अपना कहर बरपाना शुरू कर दिया है। ऐसे में स्टाइल डीवा रकुलप्रीत ने खुद इस मौसम के मुताबिक इतनी खूबसूरती से ढाला है, जिससे हर लड़की को टिप्स लेने चाहिए।




**स्टाइलिश दिखने पीच कलर की साड़ी, खुले बाल :** एक्ट्रेस ने गर्मियों में स्टाइलिश दिखने के लिए पीच कलर की सूती साड़ी को चुना है, जिसके साथ सफेद रंग की स्लीवलेस को भी पेयर किया। इस सिंपल सूती साड़ी को और एलिगेंट बनाने के लिए एक्ट्रेस ने बालों को सॉफ्ट कर्ल करके खुला छोड़ दिया है, जो हवा में खूबसूरती से लहरा रहे हैं।

**ब्लैक ऑक्सिडाइज्ड ज्वैलरी, लाइट मेकअप :** वहीं, सूती साड़ी को स्टाइलिश लुक देने के लिए उन्होंने ब्लैक ऑक्सिडाइज्ड ज्वैलरी को चुना, जिसमें हेवी झुमके, चूड़ियां और स्टेटमेंट रिंग शामिल हैं। साथ ही साड़ी के रंग से मेल खाते हुए उन्होंने बिल्कुल लाइट मेकअप को चुना। गालों पर पीच कलर की ब्लश, हाईलाइटर, थिक आईब्रो, आंखों पर काजल और मस्कारा के साथ होठों के लिए न्यूड पीच कलर की लिप शेड।

## गर्मियों में भी फट रहे हैं आपके होंठ तो ये घरेलू उपाय आएंगे काम

फटे हुए होंठ सुंदरता को कम कर देते हैं, जिससे चेहरा बेकार दिखने लगता है। अक्सर होंठ ठंड के मौसम में ज्यादा फटते हैं, लेकिन कुछ लोगों को गर्मी के दिनों में भी होंठ फटने की समस्या रहती है। आपके भी गर्मी के मौसम में होंठ फटते हैं, तो यह खबर आपके लिए है। आज हम आपको ऐसे आसान घरेलू उपाय के बारे में बताएंगे, जिसे अपनाकर आप अपने होठों को स्वस्थ बना सकते हैं। यदि आपके फटे हुए होंठ गंभीर हैं, तो डॉक्टर से सलाह लें।

**करें ये आसान घरेलू उपाय :** गर्मी के दिनों में तेज धूप, प्रदूषण, गर्म हवा और कम नमी के कारण होंठ फटने लगते हैं। उनमें दरार आ जाती है और पपड़ी निकलने लगती है, यह दर्दनाक भी हो सकता है। आप चिंता न करें, इससे बचने के लिए आप यह उपाय कर सकते हैं। सबसे पहले आपको रोजाना होठों पर लिप बाम या पेट्रोलियम जेली लगाना चाहिए। आप इसे दिन में तीन से चार बार लगा सकते हैं।




### नेचुरल ऑयल का इस्तेमाल

इसके अलावा आप नेचुरल ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं। जैसे नारियल तेल, जैतून का तेल, बादाम का तेल आदि। घी का इस्तेमाल कर आप होठों को स्वस्थ रख सकते हैं। एलोवेरा जेल में मॉइश्चराइजिंग गुण होते हैं, जो फटे हुए होठों को ठीक करने में मदद करते हैं और उन्हें स्वस्थ रखते हैं।

**पर्याप्त पिएं पानी, नशा करना करें बंद :** इसके अलावा पर्याप्त पानी पीने से होंठ स्वस्थ रहते हैं, आपको 7 से 8 गिलास पानी दिन में पीना चाहिए। अगर आप धूम्रपान या शराब का सेवन करते हैं, तो इसे आज ही छोड़ दें। ऐसा करने से होंठ खराब होने लगते हैं। इन उपायों के अलावा आप कुछ बातों का ध्यान रख सकते हैं। जैसे होठों को बार-बार न छुएं। धूप में निकलने से पहले होठों पर सनस्क्रीन या लिप बाम लगाकर निकलें।

## मेकअप करते समय चेहरे पर प्राइमर लगाना सही या नहीं, जानें इससे स्किन पर होने वाले लाभ व नुकसान

खूबसूरत दिखने के लिए लोग मेकअप करते हैं। खासकर लड़कियां ज्यादा मेकअप करना पसंद करती है। ऐसे में जो लड़कियां ऑफिस या कॉलेज जाती है, वे रोजाना मेकअप करती है। मेकअप का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है प्राइमर। प्राइमर एक कॉस्मेटिक प्रोडक्ट है, जो मेकअप करने से पहले चेहरे पर लगाया जाता है। इसकी मदद से त्वचा चिकनी और एक समान बनती है। प्राइमर मेकअप को बेहतर तरीके से लगाने और टिकाने में मदद करता है। प्राइमर का इस्तेमाल करना आपकी त्वचा के प्रकार पर निर्भर करता है। अगर आपकी ऑइली स्किन या संवेदनशील स्किन है, तो प्राइमर का उपयोग करने से पहले किसी स्किन स्पेशलिस्ट की



सलाह जरूर लें। आईए जानते हैं प्राइमर के इस्तेमाल करने से क्या होते हैं फायदे और नुकसान।

**प्राइमर पूरे दिन मेकअप को टिकाते हैं :** प्राइमर मेकअप को बेहतर बनाता है। इसके अलावा यह पूरे दिन मेकअप को टिकाने में भी मदद करता है, जिससे आपको बार-बार टच अप करने की आवश्यकता नहीं पड़ती। कुछ प्राइमर में ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा की रक्षा करते हैं। यही नहीं प्राइमर में मॉइश्चराइजिंग गुण होते हैं, जो त्वचा को हाइड्रेट रखने में मदद करता है।

**प्राइमर से पिंपल्स होने का खतरा :** प्राइमर के कुछ नुकसान भी हो सकते हैं। कुछ प्राइमर ऐसे होते हैं, जो त्वचा के रोम छिद्रों को बंद कर देते हैं। जिससे पिंपल्स होने लगते हैं। कई बार प्राइमर के इस्तेमाल से स्किन ऑयली होने लगती है। इसके अलावा कुछ प्राइमर में मौजूद तत्वों से एलर्जी या स्किन संबंधित समस्या होने लगती है।

**ऐसे करना चाहिए प्राइमर का इस्तेमाल :** प्राइमर का इस्तेमाल करने से पहले आपको अपने चेहरे को साफ पानी से धोकर सुखाना होगा, फिर थोड़ी मात्रा में प्राइमर लें और अपने चेहरे पर समान रूप से लगाएं। लगभग 30 से 40 सेकंड तक प्राइमर को सूखने दें और फिर मेकअप लगाएं।

कार्नर न्यूज

### थोड़ी सजगता बरतते हुए करें उपयोग, नहीं होगी स्किन इर्रिटेशन की परेशानी

## .... फैंसी झुमकियां पहनने से कान के पीछे होने वाली खुजली से बचाएंगें ये टिप्स

आमतौर पर महिलाएं रोज पहनने के लिए तरह तरह के ईयर टॉप्स या बालियां बाजार से खरीदती हैं और ड्रेस के साथ मैच बनाकर पहनती हैं। ये दिखने में ट्रेंडी होते है और खो भी जाएं तो परेशानी नहीं होती। यही वजह है कि महिलाएं सोना चांदी की बालियों की बजाय ऐसे डिजाइनर बालियां या झुमकियाँ पहनना काफी पसंद करती हैं। हालांकि कुछ लड़कियां की परेशानी होती है कि वे जैसे ही इन आर्टिफिशियल झुमके को कान के छेद में डालती हैं स्किन पर काफी तेज खुजली शुरू हो जाती है और घाव बन जाते हैं। इस परेशानी के चक्कर में उन्हें फैंसी झुमकियां या बाली पहनने में काफी परेशानियों और दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और वे शौक के बावजूद इन्हें नहीं पहन पातीं। अगर आप भी ऐसी परेशानियों की वजह से खूबसूरत ज्वेलरी नहीं पहन पातीं तो हम आपकी मदद कर सकते हैं।



### क्यों होती है खुजली

सबसे पहले यह जान लेना जरूरी है कि ऐसी ज्वेलरी पहनने पर खुजली आखिर होती क्यों है। दरअसल इसकी वजह है स्किन पर रिएक्शन होना। जी हां, जिस मटीरियल का इयरिंग बना है वह आपकी स्किन पर क्या रिएक्ट करता है एक तो इसकी जानकारी होना जरूरी है और अगर नहीं है तो इयरिंग डालने के बाद अगर खुजली हो रही है उसे तत्काल उतार देना चाहिए और आगे से कभी उस मटीरियल के आभूषणों का उपयोग नहीं करना चाहिए।

### क्या है उपाय

- अगर आप ऐसी झुमकियां पहनना ही चाहती हैं तो सबसे पहले उस टॉप्स के पिछले हिस्से पर ट्रांसपेरेंट नेल पॉलिश की कोटिंग कर दें और हो सके तो दो कोटिंग कर दें। इस तरह मेटल का सर्फेस स्किन के संपर्क में नहीं आएगा और एलर्जी नहीं होगी।
- अगर आप जिस बालियों या झुमके को नहीं पहन पा रहे लेकिन वो आपकी फेवरेट है तो इसका एक और उपाय है। आप सुनार के पास जाएं और उस पर सोने का पानी चढ़वा लें। ऐसा करने से इसे पहनने से खुजली नहीं होगी लेकिन यह उसी झुमकी के लिए ठीक है जो पूरी तरह गोल्डन टोन की है।



- इन दिनों बाजार में टॉप्स के पेंच के लिए तरह तरह के ईयर लोब बैंडेज मिलते हैं। आप इसे पहनने से पहले लगाएं और इयररिंग पहन लें। यह उन झुमकियों के साथ काम करेगा जिसके पेंच की वजह से आपको खुजली होती है।
- आपको बता दें कि ब्रास और कॉपर की बनी ज्वेलरी स्किन पर रिएक्ट आसानी से करती हैं। इसलिए बेहतर होगा कि आप या तो गोल्ड या सिल्वर ज्वेलरी पहनें या प्लास्टिक की ज्वेलरी ट्राई करें।

# रेलवे को बचाने के लिए जरुरी है मोदी सरकार की विदाई : दीपक बैज

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आज रेल्वे स्टेशन में यात्रियों से मिलकर उनकी परेशानियों को जाना इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुये कहा कि गर्मी की छुट्टियां चल रही है, शादी-ब्याह का सीजन है, लोग महीनों पहले टिकिट बुक करवा कर रखे है लेकिन ऐन यात्रा के दिन ट्रेनों के रद्द होने का फरमान जारी हो जाता है। अकेले रायपुर रेलवे स्टेशन में प्रतिदिन हजारों यात्री ट्रेनों के लेट लतीफी और रद्द होने के कारण परेशान है। वर्तमान में एक बार फिर 18 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया। 40 ट्रेने पहले से रद्द है। उन्होंने कहा कि देश में आज कोई भी ट्रेन नहीं है जो समय पर गंतव्य के लिये चलती हो घंटो लेट लतीफी भारतीय रेल की पहचान बन गयी है। यह मोदी सरकार की तानाशाही और छत्तीसगढ़ विरोधी रवैया है पिछले 3 साल से अधिक समय से छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 62000 ट्रेनों को बिना किसी ठोस कारण के रद्द किया जाता है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने का मतलब यात्री ट्रेनों को बंद करने के षड़यंत्र करने का समर्थन करना होगा। रेलवे को बचाने के लिए आवश्यक है कि देश से मोदी सरकार की विदाई की जाये।

दीपक बैज ने कहा कि देश की आजादी के बाद ऐसी स्थिति केवल मोदी सरकार में आई है। जहां रेलवे की यात्री सुविधाएं इतनी ज्यादा खस्ताहाल हो गयी है। यात्री ट्रेनों को जानबूझकर रद्द किया जाता है, कभी कोयले के आपूर्ति के नाम पर, कभी कोई और कारण बता कर यह विश्वसनीय यात्री सेवा भारतीय रेल को बदनाम करने की साजिश है ताकि लोग रेलवे से ऊब जाये और रेल को भी मोदी अपने उद्योगपति मित्र अडानी के हवाले कर सके। बुजुर्गों, छात्रों, बच्चों, विकलांगों को मिलने वाली सुविधा को मोदी सरकार ने मुनाफाखोरी के चक्कर में बंद कर दिया।

मोदी सरकार के पहले की केंद्र सरकारें घाटा उठा कर भी रेलवे सुविधाओं का विस्तार करती रही। आजादी के बाद से रेलवे का अलग बजट बनाया जाता था, लेकिन मोदी सरकार रेलवे की यात्री सुविधाओं को समाप्त कर इसे सिर्फ मालवाहक बनाना चाहती है और बाद में रेल को निजी हाथों में सौंपा जा सके इसका रास्ता बना रही है। ऐसा इसलिये कि यात्री ट्रेनों की अपेक्षा माल भाड़े में रेलवे को 300 से 400 प्रतिशत ज्यादा मुनाफा मिलता है। 2014 से पहले कांग्रेस की सरकारों ने रेल्वे लाइनों का विस्तार किया, दोहरी और तीसरी लाइने बिछी, बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रिफिकेशन के काम हुये तब ट्रेने बाधित नही की लेकिन मेंटेंनेश का बहाना कर मोदी सरकार दुर्भावनापूर्वक यात्रियों को प्रताड़ित कर रही है। यात्री रेल और रेल सुविधा को बचाने के लिये यह आवश्यक है कि भाजपा और मोदी के खिलाफ मतदान किया जाये।

## एसीबी ने महादेव ऐप मामले में फरार दो आरोपियों को गिरफ्तार किया

रायपुर। चर्चित महादेव एप मामले में फरार दो बड़े आरोपियों को एसीबी की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी राहुल वकटे को टीम ने दिल्ली व रितेश यादव को गोवा से पकड़ा है। अगस्त 2023 में चंद्रभूषण वर्मा की गिरफ्तारी के बाद से दोनों आरोपी फरार थे। जानकारी के मुताबिक, एसीबी मुख्यालय में दोनों आरोपी पर 120 बी, 34, 420, 467, 467, 471 भादंवि व धारा 7, 11 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 2018 के तहत अपराध दर्ज है। एसीबी की टीम लगातार दोनों आरोपियों की पता तलाशी कर रही थी। इसी बीच एसीबी की टीम को राहुल वकटे के दिल्ली व रितेश के गोंवा में छुपे होने की सूचना मिली।

# मानव एकता दिवस पर रायपुर-तिल्दा में रक्तदान शिविर आयोजित

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर। डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित मॉडल ब्लड बैंक सेंटर एवं संत निरंकारी मिशन के संयुक्त तत्वावधान में मानव एकता दिवस के अवसर पर बुधवार को रायपुर और तिल्दा में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में रायपुर में 209 यूनिट और तिल्दा में 97 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। रक्तदान शिविर की खास बात यह रही की अकेले रायपुर में 84 यूनिट रक्त और तिल्दा में 23 यूनिट रक्त विशेष रूप से महिला रक्तदाताओं द्वारा डोनेट (दान) किया गया। संत निरंकारी मिशन की तरफ से रायपुर कैंप का कार्यभार गुरबक्श सिंह कालरा, परमजीत कालरा, कमलेश पंजवानी और तिल्दा कैंप का कार्यभार सुंदर दास ने संभाला।

मॉडल ब्लड (बैंक) सेंटर की तरफ से रायपुर कैंप डॉ. सूदित पाल और तिल्दा कैंप डॉ. अविरल मिश्रा के निगरानी में संपन्न हुआ। रायपुर रक्तदान शिविर की टीम में डॉ. मनीष, डॉ. अमित, डॉ. नुपुर, डॉ. बबिता, डॉ. शिवानी, डॉ. शालिनी, प्रेम लाल बिरला, मनोज दास, गणेश मेहर, जितेन्द्र यादव, झूल सिंह, तिलिस्मी, जागृति, भूमिका यादव, सम्मुख राव, गोवर्धन गायकवाड, लखपति पटेल, लकेश्वर, करिश्मा, शुभम, वंदना और राकेश बंजारे थे। वहीं तिल्दा रक्तदान शिविर की टीम में डॉ. रूपेश, डॉ. प्रेमा, डॉ. शरद चन्द्र, नूरानी खान, चकेश्वर पटेल, वर्षा चौधरी, शोभाराम साहू, शिव साहू, हेमा कश्यप, सिद्धार्थ हेमा और राकेश शर्मा शामिल थे। सभी के विशेष सहयोग से यह दोनों रक्तदान शिविरों का सफल आयोजन किया गयो

# सेक्टर अधिकारी घर-घर पहुंचकर वितरित करें मतदाता पर्ची : कलेक्टर

### कलेक्टर ने की मतदाता पर्ची वितरण की समीक्षा

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन




रायपुर। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कलेक्टर सभा कक्ष में सेक्टर अधिकारियों की बैठक लेकर मतदाता पर्ची वितरण कार्य की समीक्षा की। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि सेक्टर अधिकारी मतदाता पर्ची वितरण कार्य की मॉनीटरिंग करें और गंभीरता के साथ कार्य करें। निर्धारित समय-सीमा के भीतर मतदाता पर्ची का वितरण सुनिश्चित की जाएं। मतदान बूथों में बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। कलेक्टर ने कहा कि मतदान केंद्रों में टॉयलेट, पंखा इत्यादि सुविधाएं होनी चाहिए। साथ ही मतदान केंद्रों में बड़े हॉल में मतदाताओं के लिए मतदाता प्रतिक्षा कक्ष का चिंहाकन किया जाएं। निर्धारित समय-सीमा में तेजी के साथ मतदाता पर्ची वितरण करने वाले बीएलओ को सम्मान भी किया जाएगा। सभी सेक्टर अधिकारी मतदाता पर्ची कार्य की प्रगति रिपोर्ट प्रतिदिन तैयार करें। सेक्टर अधिकारियों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया संबंधी वीडियो भी तैयार किए गए है। जिसके माध्यम से भी सेक्टर अधिकारियों को प्रशिक्षण में आसानी हो रही है। इस अवसर पर एआरओ मनोज कोसरिया सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहें।

# नागरिकों की पैतृक संपत्ति छीनना चाहती है कांग्रेस : बृजमोहन

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर। कैबिनेट मंत्री व रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि कांग्रेस का देश की जनता को नया कानून बनाकर मनमाने तरीके से लूटने का खतरनाक मंसूबा कभी पूरा नहीं होगा। कांग्रेस पार्टी के खतरनाक इरादे एक के बाद एक खुलकर सामने आ रहे हैं। कभी राजीव गांधी के सलाहकार रहे आज राहुल गांधी के सलाहकार सैम पित्रोदा ने सरकार आने से पहले ही देश के मिडिल क्लास है, जो मेहनत करके कमाते हैं, उन पर मनमाना टैक्स लगाने और जनता की संपत्तियों को सरकारी तरीके से हड़पने की अपनी सोच को व्यक्त कर दिया है। सैम पित्रोदा का कहना है कि वो माता-पिता से मिलने वाली विरासत पर भी टैक्स लगाएगी। आप जो अपनी मेहनत से संपत्ति जुटाते हैं, वो आपके बच्चों को नहीं मिलेगी। वो भी कांग्रेस का पंजा आपसे छीन लेगा। ऐसे खतरनाक इरादे रखने वाली पार्टी को जनता ही सबक सिखाएगी बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस का मंत्र है वे आपसे छीन लेगा, आपको लूट लेगा। कांग्रेस का मंत्र है, जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी। जब तक आप जीवित रहेंगे, कांग्रेस आपको ज्यादा टैक्स से मारेगी लेकिन जब आप जीवित नहीं रहेंगे तो इनहेरिटेंट टैक्स का बोझ आपके पर लाद देगी। जिन लोगों ने पूरी कांग्रेस पार्टी पैतृक संपत्ति मानकर अपने बच्चों को दे दी, वो नहीं चाहते कि सामान्य भारतीय अपने बच्चों को अपनी जीवन भर की कमाई से अर्जित संपत्ति दें। हमारा देश संस्कारों से, संस्कृति से उपभोक्तावादी देश नहीं है। हम संरक्षित, संवर्द्धन करने में विश्वास करते हैं, संरक्षित करने में विश्वास करते हैं। आज अगर हमारी प्रकृति बची है तो संस्कारों से बचा है। हमारे यहां घर में बूढ़े मां-बाप होंगे, दादा-दादी होंगे तो संभाल कर रखेंगी। खुद भी नहीं पहनेगी। वो सोचती है कि मेरी पोती की शादी होगी तो उसे देगी, नाती की शादी होगी कि उसे देगी। ये हमारे देश के लोगों का स्वभाव है। वो गर्व करके जिंदगी जीने में यकीन करते हैं। भारत के मूलभूत स्वभाव पर ये कांग्रेस पार्टी कड़ा प्रहार करने जा रही है। उन्होंने कहा कि जो अच्छे नेता थे वे कांग्रेस छोडकर जा चुके हैं। बाकी बचे लोग अपने आका को खुश करने के लिए देश की आम जनता की संपत्ति को लूटना चाहते हैं। आपके बच्चों का हक आज ही लूट लेना चाहते हैं। यह अभी की बात नहीं है, जितने साल देश में कांग्रेस की सरकार रही, जनता के हक का पैसा लूटा जाता रहा। लेकिन, भाजपा सरकार आने के बाद आप लोगों के हक का पैसा, आप लोगों पर खर्च हो रहा है।

## मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव व वरिष्ठ अधिकारियों को मतदाता पर्ची का वितरण

रायपुर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर घर-घर मतदाता पर्ची का वितरण किया जा रहा है। बुधवार को मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, परिवहन विभाग के सचिव एस. प्रकाश समेत अन्य अधिकारियों को मतदाता पर्ची का वितरण उनके निवास में किया गया। उन अफसरों को मतदाता पर्ची का वितरण एडीएम श्रीमती निधि साहू व एसडीएम नंदकुमार चौबे ने किया। साथ ही उन्होंने मतदान का आग्रह भी किया।

## बेखौफ चोरों ने टेलर के घर से लाखों रुपए की नगदी और कीमती बर्तन किया पार

सरोजनीनगर लखनऊ। सरोजनीनगर में सोमवार रात चोरों ने एक टेलर के घर को अपना निशाना बनाकर 1 लाख रुपये की नगदी और कीमती बर्तन व कपड़े चोरी कर लिए। मंगलवार सुबह जानकारी होने पर पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद सीसीटीवी कैमरों के जरिए चोरों का सुराग लगा रही है। सरोजनीनगर के अवध विहार कॉलोनी निवासी मो. आमीन अपने घर में ही सिलाई की दुकान चलाते हैं। सोमवार रात वह परिवार सहित मकान की छत पर सो रहे थे। तभी छत के रास्ते घर के अंदर दाखिल हुए चोरों ने कमरे के अंदर रखे संदूक से 1 लाख रुपये की नगदी, कीमती बर्तन और सिलाई की दुकान से कुछ कपड़े पार कर दिए। मंगलवार सुबह जानकारी होने पर मो. आमीन ने इसकी सूचना सरोजनीनगर पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस घटनास्थल की जाँच पड़ताल के बाद सीसीटीवी कैमरों के जरिए चोरों की तलाश कर रही है।

# दलित किशोरी छात्रा संग दुष्कर्म मामले में मुकदमा दर्ज

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

लखनऊ, आशियाना थाना क्षेत्र में रहने वाली एक दलित नाबालिक छात्रा ने सोसल मिडिया पर दोस्ती के बाद बहला फुसला कर अपने साथ दुष्कर्म का आरोप लगा आपबीती परिजनों को बताई पिता की शिकायत पर आशियाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाली एक दलित किशोरी की दोस्ती एक वर्ष पूर्व इंस्टाग्राम के माध्यम से आदिल खान नामक युवक से हो गया था आदिल ने किशोरी को अपनी प्रेमजाल में फंसा मुलाकात के लिए दबाव बनाने लगो आरोपी के झांसे में आई किशोरी सोमवार सुबह आरोपित से बंगला बाजार पुल के पास मुलाकात की तो आरोपित किशोरी को बहला फुसलाकर अपनी गाड़ी में बैठा लिया जिसमे उसके अन्य साथी भी थे और दूसरे किसी अन्य स्थान पर लेजाकर किशोरी के साथ दुष्कर्म कर डाला और बदहवासी अवस्था में किशोरी को वापस उसी स्थान पर छोड़ गया किसी तरह अपने घर पहुंची किशोरी अपने परिजनों को आपबीती बताई जिसके पश्चात किशोरी संग स्थानीय आशियाना थाना पहुंचे पिता ने आरोपित युवक और उसके साथियो के खिलाफ शिकायत लिखित शिकायत की है

## जालसाजों ने टास्क पूरा कराने के नाम पर खाताधारक को लगाया हजारो का चूना

लखनऊ, कृष्णा नगर थाना क्षेत्र में एक खाताधारक को जालसाजों ने टास्क पूरा करने के नाम पर हजारो रुपए ऑनलाइन निवेश करा रुपए हड़प लिए अपने संग ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने साइबर सेल समेत स्थानीय थाने पर शिकायत की है शिकायत पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जाँच में जुटी है कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के न्यू इंद्रपुरी निवासी गौरव कुशवाहा पुत्र भगवान सिंह कुशवाहा के मुताबिक उनका बैंक खाता पीएनबी बैंक में है कुछ दिन पूर्व उन्होंने सोसल मिडिया अधिक कमाई के लालच में आकर धोखाधड़ी का शिकार होते रहे टास्क पूरा करने के लिए यूपीआई माध्यम से कई बार में कुल 86 हजार रुपए उन्होंने निवेश कर दिए लेकिन न ही उनका मूल पैसा मिला और न ही मुनाफे का पैसा मिलो जिसपर पीड़ित खाताधारक ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज करा स्थानीय कृष्णा नगर थाने पर शिकायत की है पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर धोखाधड़ी व अमानत में ख्यानत की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है

# उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने संबंधी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का किया जा रहा कड़ाई से अनुपालन

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

लखनऊ, प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 480 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1836 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं।

# बूथ अध्यक्ष भाजपा की सबसे अहम कड़ी है : अनूप गुप्ता

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



मोहनलालगंज।मोहनलालगंज के सत्य शिव रिसार्ट में मगंलवार को विधानसभा स्तरीय बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री व एमएलसी अनूप गुप्ता ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मोहनलालगंज लोकसभा के लिए 20 मई को होने वाले मतदान में बूथ और मंडल अध्यक्षों को चुनाव में बूथ जीतने के लिए रणनीतिक सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि बूथ अध्यक्ष भाजपा की सबसे अहम कड़ी है। जब बूथ मजबूत होगा तो प्रत्याशी मजबूत होगा, पार्टी मजबूत होगी और सरकार मजबूत बनेगी। कहा कि पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने जितने भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए यह सब तभी संभव हुआ जब पार्टी के बूथ अध्यक्षों ने अपने अथक परिश्रम से पार्टी के पक्ष में रिकॉर्ड मतदान करवाकर प्रत्याशी को सदन में भेजा।उन्होने कहा देश का माहौल मोदीमय है बस हम सबको उस माहौल के वेग को एक एक बूथ पर भाजपा के पक्ष में मोड़ना है ओर रिकार्ड मतो से जीतकर पीएम मोदी के चार सौ पार के नारे को चरितार्थ करना हैं।लोकसभा प्रत्याशी व मौजूदा सांसद कौशल किशोर ने सम्बोधन में कहा कि राष्ट्रहित में अपने आप को समर्पित कर विकसित भारत में योगदान देने के लिये हर बूथ में शत प्रतिशत मतदान कराने की अपील की।सम्मेलन में मौजूद बूथ अध्यक्षो समेत सभी कार्यकर्ताओ ने भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर को तीसरी बार भारी मतो से जीताकर एक बार फिर मोदी सरकार बनाने का संकल्प लिया।इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, विधायक अमरेश कुमार रावत, वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेन्द्र कुमार तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष श्री कृष्ण लोधी, पूर्व जिलाध्यक्ष गोकरन वर्मा लोकसभा प्रभारी सूर्य नारायण तिवारी, सहप्रभारी बलीराम वर्मा, विधानसभा प्रभारी अरूणेश, लोकसभा संयोजक अरूण सिंह, विधानसभा संयोजक शम्भूनाथ पांडे, भाजपा मीडिया प्रकोष्ठ जिला संयोजक अशोक तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष धीरू पांडे, जिला महामंत्री राज कुमार वर्मा, ब्लाक प्रमुख विनय वर्मा, चेयरमैन निखिल मिश्रा, चेयरमैन प्रतिनिधि अजय पांडे समेत सभी मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का काम किया : स्वतंत्र देव सिंह

लखनऊ, प्रयागराज की फूलपुर लोकसभा सीट पर मंगलवार को बीजेपी सोशल मीडिया वॉलिंटियर्स सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में शिरकत करने पहुंचे योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा है कि बीजेपी सोशल मीडिया वॉलिंटियर्स का एक मजबूत संगठन है। सोशल मीडिया वॉलिंटियर्स के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचा जा रहा है। इस टीम के जरिए विपक्षी दलों के दुष्प्रचार का जवाब भी दिया जाता है। उन्होंने कहा कि 2017, 2019 और 2022 के चुनावों में सोशल मीडिया वॉलिंटियर्स की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसके साथ ही 2024 के लोकसभा चुनाव में भी सोशल मीडिया वॉलिंटियर्स की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के मुताबिक वॉलिंटियर्स ने 24 घंटे कठिन परिश्रम से केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा है की 2014 के पहले देश की स्थिति आपने देखी थी बम और गोले फटते थे। चाहे ताज होटल हो, संसद हो या फिर मंदिर ही क्यों ना हो।

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**

रा०प्र०क्र०/अ-6/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका श्रीमती बीना उपाध्याय पत्नी सुनील कुमार सिंह जाति ब्राम्हण निवासी एम /353 वार्ड नम्बर-13 नवापारा जरही थाना भटगांव तहसील प्रतापपुर, जिला-सूरजपुर छ०ग० 2. सुनील कुमार सिंह अ० रामाश्रय सिंह जाति ब्राम्हण निवासी एम /353 वार्ड नम्बर-13 नवापारा, जरही थाना भटगांव तहसील प्रतापपुर, जिला-सूरजपुर छ०ग०, के द्वारा मोहल्ला - शीतला वार्ड, नगर अम्बिकापुर में स्थित नजूल भू-खण्ड क्रमांक 3467/4866/95 कुल रकबा-33893 वर्गफीट में से रकबा 1021 वर्गफीट (2.34 डिसमिल) भूमि/मकान को खातेदार/विक्रेता विष्णु प्रताप अग्रवाल कर्ता, एच.यू.एफ. आ० स्व० चंदगी राम अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी सेठ बसंत लाल मार्ग अम्बिकापुर, थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा से कय करने के कारण अपने पक्ष में नामांतरण कराने हेतु संहिता धारा 109, 110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदन पत्र के साथ बिकय पत्र, मेंटनेन्स खसरा की छायाप्रति की पेश की गई है।उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथया संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 13/05/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांकः- 09/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला सरगुजा**

रा०प्र०क्र० /अ-6/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक किशोर कुमार सिन्हा आ० श्री मुरलीधर सिन्हा जाति कायस्थ निवासी नई भट्टी रोड केदारपुर अम्बिकापुर, थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० के द्वारा मोहल्ला- शीतला वार्ड, बाबूपारा नगर अम्बिकापुर में स्थित नजूल भू-खण्ड क्रमांक- 3467/4866/95 कुल रकबा 33893 वर्गफीट में से रकबा 1021 वर्गफीट (2.34 डिसमिल) भूमि/मकान को खातेदार / विक्रेता विष्णु प्रताप अग्रवाल कर्ता, एच.यू.एफ. आ० स्व० चंदगी राम अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी सेठ बसंत लाल मार्ग अम्बिकापुर थाना तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा से पंजीबद्ध बिकय पत्र दिनांक 14.02.2024 के माध्यम से क्रय करने के कारण अपने पक्ष में नामांतरण कराने हेतु संहिता धारा 109, 110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदन पत्र के साथ विक्रय पत्र, मॅटनेन्स खसरा की छायाप्रति की पेश की गई है। उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथया संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 13/05/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांकः- 09/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**

रा०प्र०क्र०/अ-6/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है. कि आवेदक सुदीप सिन्हा आ० अखिलेश सिन्हा जाति कायस्थ निवासी वार्ड नम्बर 26, स्कूल रोड नियर हनुमान मंदिर के पास, अम्बिकापुर थाना तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा मोहल्ला-शीतला वार्ड, बाबूपारा नगर अम्बिकापुर में स्थित नजूल भू-खण्ड क्रमांक- 3467/4866/95 कुल रकबा 33893 वर्गफीट में से रकबा 1021 वर्गफीट (2.34) डिसमिल) भूमि/मकान को खातेदार/विक्रेता विष्णु प्रताप अग्रवाल कर्ता. एच.यू.एफ. आ० स्व० चंदगी राम अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी सेठ बसंत लाल मार्ग अम्बिकापुर, थाना व तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा से पंजीबद्ध बिक्रय पत्र दिनांक 16.09.2022 के माध्यम से कय करने के कारण अपने पक्ष में नामांतरण कराने हेतु संहिता धारा 109, 110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदन पत्र के साथ बिक्रय पत्र, मॅटनेन्स खसरा की छायाप्रति की पेश की गई है।उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथया संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 13/05/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांकः- 09/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

# कोरिया फ्रंटलाइन

## प्रधानमंत्री मोदी ने भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह को बुलाया दिल्ली

### मंच में बगल में बैठाकर विकास कार्यों को लेकर की विस्तृत चर्चा

छ.ग.फ्रंटलाइन

**मनेन्द्रगढ़ ( एमसीबी )।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को छत्तीसगढ़ के दौरे पर रहे जहां पर उन्होंने अंबिकापुर में एक चुनावी सभा को संबोधित कर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में माहौल बनाया। इस दौरान प्रदेश के सीएम विष्णु देव साय, भरतपुर सोनहत विधायक पूर्व केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह सहित तमाम भाजपा के नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र से विधायक व पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंबिकापुर के पीजी कालेज मैदान में आयोजित विजय संकल्प शंखनाद रैली के दौरान छत्तीसगढ़ व सरगुजा संभाग सहित भरतपुर सोनहत विधानसभा के विकास कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की। चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधायक रेणुका सिंह को दिल्ली बुलाया। प्रधानमंत्री बुधवार को अंबिकापुर में सरगुजा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी चिंतामणी महराज के पक्ष में चुनावी सभा को सम्बोधित करने पहुंचे थे। जैसे ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंच पर पहुंचे तो विधायक रेणुका सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हाथ जोड़कर अभिवादन किया तो प्रधानमंत्री ने रेणुका सिंह से उनका हालचाल पूछा। विजय संकल्प शंखनाद आमसभा के दौरान विधायक रेणुका सिंह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातचीत चर्चा का विषय रही। आपको बता दे कि वर्तमान में प्रदेश की पहली विधानसभा भरतपुर सोनहत विधानसभा सीट से विधायक रेणुका सिंह सरगुजा लोकसभा से सांसद रह चुकी है व मोदी सरकार में प्रदेश से इकलौती केंद्रीय मंत्री रही है। विजय संकल्प शंखनाद रैली को जब प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय संबोधित कर रहे थे तब मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बैठे थे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कुछ दूरी पर बैठी विधायक रेणुका सिंह को नरेंद्र मोदी ने बुलाया और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जिस कुर्सी पर बैठे थे उसमे बिठाया और लगभग 7 मिनट तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधायक व पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह ने प्रदेश के विकास कार्यों और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर चर्चा करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेणुका सिंह को दिल्ली आने के लिए बोला है।



## सांसद निधि एवं सरकार की अन्य योजनाओं के माध्यम से प्रत्येक पंचायत को उपलब्ध कराए जाएंगे 25-25 लाख: रेणुका सिंह

### भाजपा जो करती है वह करती है पहले कांग्रेस प्रत्याशी अपने 5 साल के कार्यकाल का 25 करोड रुपए का हिसाब दें

छ.ग.फ्रंटलाइन

**मनेन्द्रगढ़ ( एमसीबी )।** कोरबा लोकसभा सीट की चुनाव तिथि जैसे-जैसे नजदीक आते जा रही है वैसे-वैसे भाजपा व कांग्रेस दोनों ने अपना चुनाव प्रचार प्रसार तेज गति से शुरू कर दिया है तथा एक दूसरे के खिलाफ बयान बाजी तेज हो गई है। एक ओर जहां कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत ने यह बयान दिया कि भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडे कोरबा लोकसभा सीट की सभी 942 पंचायत में 25 - 25 लख रुपए देने के लिए कहा से राशि लायेंगी जनता को गुमराह करने की साजिश रची जा रही है। वहीं दूसरी तरफ भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने मंगलवार को भाजपा कार्यालय में एक प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत पूरी तरह से 5 साल तक निष्क्रिय रही एक भी विकास के कार्य उनके द्वारा नहीं कराए गए पहले वह यह बताए कि अपने कार्यकाल के 5 साल के 25 करोड रुपए कहा खर्च किए गए इसका हिसाब उन्हें देना चाहिए। भरतपुर सोनहत विधायक पूर्व केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह ने प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडे की जीत निश्चित है प्रचंड बहुमत से जीत मिलेगी कांग्रेस कहीं नहीं दिख रही है। रेणुका सिंह ने कहा कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र के सभी 942 पंचायत का विकास किया जाएगा इसमें सरोज पांडे व खुद वे मिलकर विकास के कार्य करेंगे। सांसद को प्रति साल 5 करोड रुपए विकास के लिए मिलते हैं इसके साथ ही सरकार की योजनाओं से राशि लेकर सभी पंचायत को 25-25 लख रुपए दिए जाएंगे इसमें कहीं भी पैसे की कोई कमी नहीं होगी। कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत पूरी तरह से निष्क्रिय रही उनके द्वारा कुछ भी विकास के कार्य नहीं किए गए और ना ही पूरे 5 साल तक क्षेत्र का कोई दौरा किया गया अब चुनाव के समय उनके द्वारा क्षेत्र का दौरा कर जनता से वोट मांगा जा रहा है जनता सब समझ रही है अब जनता बहकावे में नहीं आने वाली है और उनकी हार निश्चित है। रेणुका सिंह ने कहा कि कांग्रेस पूरी तरह से भ्रष्टाचार में समायी हुई है कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत यह कह रही है कि उन्होंने कोई भ्रष्टाचार नहीं किया है कांग्रेस के नेता भले भ्रष्टाचार किए होंगे तो किये होंगे लेकिन इससे वह बच नहीं सकती हैं पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त हैं और इसका जवाब चुनाव में जनता देगी। कांग्रेस चुनाव में कहीं नजर नहीं आ रही है भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसके साथ कोरबा लोकसभा लोकसभा सीट की पूरी जनता दिखाई दे रही है कांग्रेस का कहीं कोई नामोनिशान नहीं है भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडे की कोरबा लोकसभा सीट से ऐतिहासिक जीत निश्चित है।




## पुलिस प्रेक्षक ने किया स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**छ.ग.फ्रंटलाइन. बैकुंठपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा क्षेत्र 04 कोरबा के लिए नियुक्त पुलिस प्रेक्षक श्री राहुल देव सिंह ने रामानुज उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बैकुण्ठपुर परिसर स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। श्री राहुल ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह एवं पुलिस अधीक्षक श्री सूरज सिंह परिहार के साथ स्ट्रांग रूम, मतदान सामग्री कक्ष, कट्रोल रूम, मतगणना कक्ष, मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी केंद्र का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से पुलिस बल की तैनाती एवं उनके ठहरने की व्यवस्था के संबंध मे जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सहायक रिटनिंग ऑफिसर श्रीमती अंकिता सोम ,उप जिला निर्वाचन अधिकारी दीपिका नेताम ,उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती कविता ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## भरतपुर के विभिन्न ग्राम पंचायतों किया गया स्वीप कार्यक्रम का आयोजन

**मनेंद्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देशन एवं परियोजना निदेशक नितेश उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन में जिले भर में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं का जागरूक किया जा रहा है। विगत दिवस ग्राम पंचायत में मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। विकासखंड भरतपुर के ग्राम शेरी, कुदरा एवं मसौरा में मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जनपद पंचायत भरतपुर से स्वीप नोडल पवन सिंह चंदेल एवं सहायक नोडल हीरा सिंह के द्वारा करवाया गया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों को 7 मई 2024 को होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदान करने एवं अपने आस पास के सभी लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक करने प्रेरित किया गया।



## निर्वाचन कार्य में लापरवाही विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पत्थलगांव निलंबित

### अधीनस्थ कार्यालय और स्कूलों में पदस्थ 123 कर्मचारियों का पीपीईएस सॉफ्टवेयर में डाटा एन्ट्री का कार्य नहीं कराए जाने के मामले में हुई कार्रवाई

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने अधीनस्थ कार्यालय और स्कूलों में पदस्थ 123 कर्मचारियों का पीपीईएस सॉफ्टवेयर डाटा एंट्री का कार्य नहीं कराए जाने के से लोकसभा निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही एवं उदासीनता के कारण विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पत्थलगांव धनी राम भगत को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। विदित हो कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सुचारू रूप से संचालन किये जाने हेतु धनी राम भगत, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पत्थलगांव को अपने कार्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों के समस्त कर्मचारियों पीपीईएस सॉफ्टवेयर में डाटा एन्ट्री कराये जाने का कार्य सौंपा गया था। किन्तु इनके द्वारा अपने कार्यालय के कर्मचारी जैसे श्री उदे राम राठिया, भृत्य का पीपीईएस सॉफ्टवेयर में डाटा एन्ट्री नहीं कराया जाकर डाटा फाइनलाइज कर दिया गया। इसी क्रम में इनके अधीनस्थ कार्यालय-स्कूलों में पदस्थ 123 कर्मचारियों का डाटा एन्ट्री का कार्य नहीं कराया गया है। न ही इनके द्वारा संवीक्षा की गई। जिससे निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हुआ है। जिस संबंध में श्री भगत को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जिसका जवाब श्री भगत द्वारा 12 अप्रैल 2024 को प्रस्तुत किया गया। जिसमें मुख्य रूप से बताया गया कि 12 अप्रैल 2024 को लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर से सेवानिवृत्त-मृत्यु हितलाभ का भुगतान देयक विवरण अवलोकन उपरान्त वापस आते समय कार दुर्घटना होने के कारण स्वयं एवं कार्यालय के 03 अन्य लिपिक कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गये। जिस कारण पीपीईएस सॉफ्टवेयर में डाटा एंट्री हेतु शेष 123 कर्मचारियों संवीक्षा नहीं किया जा सका। स्वीकार किया जाकर क्षमा याचना किया गया है। प्रस्तुत जवाब परिशिलन किया गया समाधानकारक नहीं पाया गया। श्री धनी राम भगत, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पत्थलगांव का उक्त कृत्य से ऐसा परिलक्षित होता है कि इनके द्वारा पदीय कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठापूर्वक नहीं किया गया है। जो कि उदासीनता एवं लापरवाही का द्योतक है तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 के नियम 03 के विपरीत है। लोक प्रतिनिधित्व नियम, 1951 के धारा 28 ए के तहत किसी निर्वाचन के संचालन के लिए रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी, और इस भाग के अधीन नियुक्त कोई अन्य अधिकारी, और किसी राज्य सरकार द्वारा तत्समय पदाभिहित कोई पुलिस अधिकारी, उस अवधि के लिए, जो ऐसे आदर्श आचार संहिता (अधिसूचना) की तारीख से ऐसे अधिकारी कर्मचारी उस अवधि के दौरान निर्वाचन आयोग के अधीन है। अत: जिला स्तर पर जिला निर्वाचन अधिकारी के नियंत्रण, अधीक्षण और अनुशासन के अधीन हैं। श्री भगत का लोकसभा निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही एवं उदासीनता गंभीर कदाचरण एवं अनियमितता के श्रेणी में आता है। अत: तत्काल कठोर कार्यवाही किया जाना आवश्यक है। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पत्थलगांव, धनी राम भगत को लोक प्रतिनिधित्व नियम, 1951 के धारा 28 ए तथा छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जशपुर नियत किया गया है तथा निलम्बन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

## पत्थलगांव नगर पंचायत, शासकीय महाविद्यालय सहित अन्य क्षेत्रों में निकाली गई जागरूकता रैली

■ ग्राम पंचायत जोकारी और कुडकेला में कार्यक्रम आयोजित, दिलाई गई शपथ शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को किया गया जागरूक

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जश प्रण मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत पत्थलगाँव के नगर पंचायत, ठाकुर शोभा सिंह शासकीय महाविद्यालय सहित अन्य निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किया गया। पत्थलगाँव शहरी क्षेत्र में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली के जरिये सभी मतदाताओं को मताधिकार का महत्व बताते हुए मतदान के प्रति जागरूक किया गया। भ्रमण के दौरान महिलाओं ने बैनर, पोस्टर और स्लोगन के साथ लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। साथ ही इस दौरान ठाकुर शोभा सिंह शासकीय महाविद्यालय पत्थलगांव में मतदाताओं को मतदान करने हेतु शपथ ग्रहण भी कराया गया। इसी प्रकार कुनकुरी के कुड्केला और जोकारी में भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। साथ ही सभी को लोकसभा निर्वाचन 2024 में 7 मइ को शत-प्रतिशत मतदान हेतु शपथ दिलाई गई। इसी तरह स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत अन्य स्थानों पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए स्वीप गतिविधि जारी है। जिसके जरिए सभी को लोकतंत्र में सहभागिता के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## कुनकुरी एसडीएम ने ली सेक्टर अधिकारियों की बैठक

**जशपुरनगर।** कुनकुरी एसडीएम श्री नंद जी पांडे ने सेक्टर अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में फरसाबहार एसडीएम तथा समस्त तहसीलदार उपस्थित थे। बैठक में आगामी लोकसभा निर्वाचन के तैयारी के संबंध में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने दीवार लेखन संबंधी कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने वेब कास्टिंग, मतदान केंद्र में सभी मूलभूत व्यवस्थाएं, दिव्यांगजनों के लिए व्हीलचेयर, पिंक बूथ, गर्मी के मौसम को देखते हुए छाया, बिजली पानी पंखा आदि की व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। बैठक में मतदान के लिए मतदान पर्ची के साथ वोटर आईडी सहित निर्वाचन आयोग के द्वारा मानक अन्य दस्तावेज की जानकारी दी गई। मतदान हेतु एपिक कार्ड अथवा निर्वाचन आयोग द्वारा मान्य दस्तावेज लाना आवश्यक होगा।

## सामान्य प्रेक्षक श्री पगारे ने स्ट्रांगरूम सहित विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

### स्ट्रांगरूम में सीसीटीवी कैमरा व मतदान केंद्रों में शौचालय, पानी, छाँव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

■ सोनहत के दूरस्थ मतदान केंद्र जाकर किया मुआयना, व्यवस्था का किया सराहना

छ.ग.फ्रंटलाइन

**बैकुंठपुर।** सामान्य प्रेक्षक कैलाश सुखदेव पगारे ने बैकुंठपुर के रामानुज स्कूल में बनाए गए स्ट्रांगरूम व विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। स्ट्रांग रूम के सभी कक्ष में जाकर बारीकियों से जानकारी प्राप्त की। सीसीटीवी कैमरा लगाने के बात कही, कलेक्टर श्री लंगेह आश्वस्त करते हुए कहा कि सीसीटीवी कैमरा 24 घण्टे चालू रहते हैं। सभी तरफ यह व्यवस्था की जाती है। मतगणना के दिन तीन लेयर पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। मतदान दलों के रवानगी के बारे में कलेक्टर ने पूरी व्यवस्था से अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार, सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी, एसडीएम श्रीमती अंकित सोम, अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम उपस्थित थे। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बताया कि मतदाताओं के लिए मतदान विश्राम कक्ष भी तैयार की जाएगी ताकि वे छाँव में आराम से बैठ सके। वहां पानी, पंखा की व्यवस्था की जाएगी। लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों की समीक्षा के लिए भारत निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री कैलाश सुखदेव पगारे ने बैकुंठपुर व सोनहत के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मतदान के दिन मतदान केंद्रों पर छाया, पानी, महिलाओं, दिव्यांगजन, बुजुर्ग मतदाताओं के लिए रैम्प, व्हीलचेयर आदि समुचित व्यवस्था करने के लिए निर्देश दिए। बैकुंठपुर व सोनहत विकासखण्ड के ओड़गी, चेरवापारा, छरछा-बस्ती, कटगोड़ी, तर्रा, दामुज, भैंसवार, रजौली, खोड़की, घुघरा, व सोनहत आदि मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान सोनहत एसडीएम राकेश साहू ने पूरी जानकारी से अवगत कराया। प्रेक्षक ने एसडीएम के कार्यों व किए गए व्यवस्था पर सन्तोष व्यक्त किया और सराहा। श्री पगारे ने अकलासरई में बनाए गए स्थैतिक निगरानी दल (एस.एस.टी.) द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली ओर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



## लोकसभा क्षेत्र-02 रायगढ़ के लिए प्रेक्षक नियुक्त

**जशपुरनगर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए लोकसभा क्षेत्र-02 रायगढ़ के लिए जनरल आर्ब्जवर आईएएस डॉ.अंशज सिंह, एवं पुलिस ऑब्जर्वर आईपीएस श्री मुख्तार मोहसिन, तथा व्यय प्रेक्षक आईडीएएस श्री सेंथिल कुमार बी को नियुक्त किया गया है। उक्त तीनों आब्जर्वरों का रायगढ़ आगमन हो चुका है। राजनीतिक दल, मीडिया, प्रतिनिधि एवं आम जनता जनरल आर्ब्जवर आईएएस डॉ.अंशज सिंह से सर्किट हाऊस रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 1 में प्रात: 11 से दोपहर 12 बजे तक मिल सकते है एवं मोबाइल नंबर 07762-297413 में संपर्क कर सकते है। इसी तरह पुलिस ऑब्जर्वर आईपीएस श्री मुख्तार मोहसिन से सर्किट हाऊस रायगढ़ के कक्ष क्रमांक-2 में प्रात: 11 से दोपहर 12 बजे तक मिल सकते है एवं मोबाइल नंबर 07762-297412 में संपर्क कर सकते है।

## पुलिस प्रेक्षक ने किया चैनपुर स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

छ.ग.फ्रंटलाइन

**मनेंद्रगढ़।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए आयोग द्वारा नियुक्त पुलिस प्रेक्षक राहुल देव सिंह ने शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हो इस संदर्भ में सीजीएसडब्ल्यूसी गोदाम चैनपुर स्ट्रांग रूम पहुंचे। उन्होंने स्ट्रांग रुम की सुरक्षा व्यवस्था का विधानसभा क्षेत्रवार कक्षों का निरीक्षण कर जायजा लिया तथा उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन करते हुए मतदान दलों को उचित व्यवस्था कर मतदान शांतिपूर्ण संपन्न करने एवं स्ट्रांग रूम की आवश्यक व्यवस्था दुरुस्थ करने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह ने पुलिस आर्ब्जवर को दूरस्थ क्षेत्र से जाने और आने वाले मतदान दलों को लगने वाले समय, जिले से लगने वाले घुघरी, घोरधरा, चांटी, केल्हारी, घुटरी टोला, नेउर, ठिसकोली तथा सीआईएसएफ चेक पोस्ट और बेरियर की जानकारी दी जहां पर एसएसटीम कार्य कर रही है। इसके साथ उन्होंने बताया कि जिले के लिए 13 एफएस की टीम लगायी गयी है। इसके साथ ही उन्होंने 5 आंतरिक राज्य सीमा की जानकारी दी वहां पर भी एसएसटी टीम काम कर रही है। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर लिंगराज सिदार, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शशि शेखर मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर प्रवीण कुमार भगत, जिला कोषालय अधिकारी चंद्र शेखर सर्राफ सहित पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व ऑफसेट पुराना पोस्ट ऑफिस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर ( छ.ग. ) पिन नं. 497001 से मुद्रित व महलपारा बैकुण्ठपुर से प्रकाशित। संपादक- कमलेश शर्मा